उज्जैन
शनिवार
09
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-185
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



'उरी' एक्ट्रेस रीवा अरोड़ा से बदसलूकी, डिलीवरी बॉय ने घर पर दीं गालियां मामला बढ़ने पर बुलानी पड़ी पुलिस ब्लिंकिट से भी की शिकायत

पेज- 8

## 9 जंग रुकवा चुका, अब रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराना चाहता हूं



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि वे अब तक 9 अंतरराष्ट्रीय संघर्ष खत्म कराने में भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब उनकी कोशिश रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने की है और वे इसे अपनी 10वीं शांति पहल बनाना चाहते हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, व्हाइट हाउस से वर्जीनिया रवाना होने से पहले ट्रम्प ने कहा कि यह युद्ध द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे खतरनाक संघर्ष बन गया है और हर महीने हजारों सैनिक मारे जा रहे हैं। इस बीच ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर 9 से 11 मई तक रूस और यूक्रेन के बीच 3 दिन के सीजफायर का ऐलान किया है।

## अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से होगी शुरू

**श्रीनगर।** पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा आगामी 3 जुलाई से शुरू होने जा रही है। यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर प्रशासन और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा मार्गों से बर्फ हटाने, सड़क मरम्मत, सुरक्षा प्रबंध और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। गांदरबल के जिला उपायुक्त जतिन किशोर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बालटाल मार्ग पर चल रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में पुलिस विभाग के साथ सुरक्षा इंतजामों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रशासन ने यात्रा मार्ग पर तैनाती स्थलों, चेकपोस्ट और तलाशी बिंदुओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बेस कैंप के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा स्कैनर लगाने को भी कहा गया है।

## ईरान ने परमाणु कार्यक्रम खत्म करने की मांग ठुकराई



**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका के साथ जारी तनाव और बातचीत के बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम या हाईली एनरिच्ड यूरेनियम पर कोई समझौता नहीं करेगा। तेहरान ने यह भी कहा कि अगर अमेरिका नाकेबंदी हटाता है तो ईरान होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोल सकता है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी अधिकारियों का कहना है कि वे सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म होने की स्थायी घोषणा चाहते हैं। उनका कहना है कि भविष्य में दोबारा युद्ध शुरू न होने की गारंटी भी मिलनी चाहिए।

## अर्जेंटीना बोला- हमारी वजह से नहीं फैला हंतावायरस

**नई दिल्ली।** अटलांटिक महासागर में एक लग्जरी क्रूज में फैले घातक वायरस के मामले में अब अर्जेंटीना के टिएरा डेल फुएगो जिले ने खुद को जिम्मेदार मानने से इनकार कर दिया है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि बिना ठोस सबूत के उशुआइया को वायरस का स्रोत बताने से इलाके की छवि खराब हो रही है। दरअसल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने शक जताया था कि डच दंपति अर्जेंटीना के शहर उशुआइया के एक कचरा स्थल के पास बर्ड वॉचिंग के दौरान संक्रमित हुए होंगे। बाद में दोनों की मौत हो गई। लेकिन अधिकारियों के मुताबिक यहां पहले कभी हंतावायरस का मामला नहीं मिला। उन्होंने यह भी कहा कि संक्रमित डच दंपति अपने लंबे दक्षिण अमेरिकी दौरे में सिर्फ दो दिन उशुआइया में रुके थे, इसलिए संक्रमण वहीं से होने की संभावना बहुत कम है।

# सुवेंदु अधिकारी बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री

### दिलीप घोष, अग्निमित्रा पाल, अशोक कीर्तनिया और निषिथ प्रमाणिक मंत्री बने, 20 राज्यों के सीएम मौजूद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता



सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद सुवेंदु, पीएम के पास गए और उनके पैर छुए।

बंगाल के गवर्नर आरएन रवि ने सुवेंदु के अलावा 4 और विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पाल, अशोक कीर्तनिया और निषिथ प्रमाणिक का नाम शामिल है।

इस दौरान पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, एनडीए और बीजेपी शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री मौजूद रहे। मोदी ने मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी 165वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पीएम ने मंच पर भाजपा के 98 साल के कार्यकर्ता माखनलाल सरकार का सम्मान किया। मंच पर आते ही प्रधानमंत्री सीधे सरकार के पास गए, उन्हें शॉल ओढ़ाया और फिर उनके पैर छुए। इसके बाद सरकार ने देर तक प्रधानमंत्री को गले लगाए रखा।

कक्षा पहली के मासूमों को मिली बड़ी राहत

## अब 1078 ग्राम से ज्यादा नहीं होगा स्कूली बैग का वजन




ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

स्कूली बच्चों के भारी बस्तों को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। बच्चों के कंधों पर बढ़ते बोझ और उससे हो रहे शारीरिक नुकसान को देखते हुए जिला प्रशासन ने नई स्कूल बैग पॉलिसी को सख्ती से लागू करने का फैसला लिया है। मध्यप्रदेश बाल संरक्षण आयोग और लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों के बाद जबलपुर के सरकारी और निजी स्कूलों में छात्रों के स्कूल बैग के वजन की सीमा तय कर दी गई है। सबसे अहम बात यह है कि अब पहली कक्षा के छात्र का बैग 1078 ग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए। तय सीमा से ज्यादा वजन पाए जाने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी जारी कर दी गई है।

प्रशासन के इस फैसले को बच्चों और अभिभावकों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि छोटे-छोटे बच्चों को जरूरत से ज्यादा किताबें और कॉपियां लेकर स्कूल जाना पड़ता है, जिससे उनकी रीढ़, गर्दन और कंधों पर गंभीर असर पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि कम उम्र में भारी वजन उठाने से बच्चों के शरीर का संतुलित विकास प्रभावित होता है और आगे चलकर उन्हें पीठ दर्द, गर्दन दर्द और रीढ़ से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मध्यप्रदेश बाल संरक्षण आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को पत्र लिखकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्कूल बैग पॉलिसी का हर हाल में पालन कराया जाए। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारी स्कूल बैग बच्चों के शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनते जा रहे हैं।

## अमेरिका-ईरान के हमले में गुजरात का जहाज डूबा, एक भारतीय की मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

ईरान और अमेरिका की नेवी के बीच बीती रात हॉर्मुज स्ट्रेट में हुई फायरिंग की चपेट में गुजरात का एक मालवाहक जहाज डूब गया। यह जहाज गुजरात के द्वारका जिले के सलाया का था। हादसे में जहाज के इंजन रूम में काम कर रहे अल्ताफ तालब केर नाम के भारतीय क्रू की मौत हो गई, जबकि बाकी 17 क्रू को बचा लिया गया। इंडियन सेलिंग वेसल्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आदम भाई ने इसकी जानकारी दी। आदम भाई ने दुबई स्थित भारतीय दूतावास को ईमेल भेजकर मदद भी मांगी है। मालवाहक जहाज एमएसवी एएल फैज नूरे सुलेमानी-क दुबई से कार्गो लेकर यमन के मुकाला बंदरगाह जा रहा था। जहाज पर एक गनमैन समेत कुल 18 क्रू सवार थे।

## बिहार में बिजली-पेड़ गिरने से 9 की मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना/लखनऊ

उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान में शुक्रवार को बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं मध्य भारत में फिर से तेज गर्मी पड़ने लगी है। बिहार के पटना समेत 7 जिलों में शुक्रवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। पेड़ और बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 5 मौत राजधानी पटना में हुई। आंधी में 600 से ज्यादा पेड़ भी गिर गए।

उत्तर प्रदेश के आगरा और जालौन में बारिश हुई। मऊ में ओले भी गिरे। शनिवार को 17 जिलों में आंधी-बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है।

राजस्थान का बाड़मेर देश में सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 44.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं जैसलमेर और फलोदी में तापमान 44 डिग्री रहा।

मध्य प्रदेश के 13 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है। शुक्रवार को रतलाम में पारा 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इधर, गुजरात के अहमदाबाद में तापमान 43.1 डिग्री और महाराष्ट्र के वाशिम में 42.8 डिग्री दर्ज किया गया।

आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

## अब दिल और फेफड़े के ट्रांसप्लांट का भी हो सकेगा नि:शुल्क इलाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के उन लोगों के लिए यह खबर महत्वपूर्ण ही होगी जो आयुष्मान योजना का लाभ ले रहे है क्योंकि इस योजना में अब दिल और फेफड़े के ट्रांसप्लांट का भी निशुल्क इलाज कराया जा सकेगा। दरअसल मध्य प्रदेश सरकार अब दिल और फेफड़े के ट्रांसप्लांट का नि:शुल्क इलाज आयुष्मान योजना से करने जा रही है। सरकार जल्द ही कैबिनेट में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी देगी। कैबिनेट से हरी झंडी मिलते ही ये दोनों बीमारियों को आयुष्मान में शामिल कर ली जायेगी।

उज्जैन सहित पूरे मध्यप्रदेश में हृदय और फेफड़ों की बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हाल ही में मध्यप्रदेश सरकार आयुष्मान योजना में हृदय और फेफड़े के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आम नागरिकों को आयुष्मान योजना से उक्त दोनों बीमारियों के मरीजों को निशुल्क इलाज देने की तैयारी कर रही है। बता दें कि उक्त दोनों बीमारियों के मरीजों को अभी लाखों रुपए खर्च करने पड़ते थे. से मुक्ति मिलेगी। हाल ही में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने एम्स भोपाल की टीम के साथ बैठक में आयुष्मान भारत योजना के तहत हार्ट और लंग ट्रांसप्लांट शामिल करने की सुविधा देने पर चर्चा की। उन्होंने कैबिनेट में रखने के लिए जल्द प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा है। चिकित्सकों ने जारी शोध में बताया कि हवा में धूल के कण 5 से 10 माइको मीटर के होते हैं। ये फेफड़े और दिल तक पहुंच जाते हैं। इस वजह से फेफड़ों के मरीज बढ़ रहे हैं।

वर्ष 2017-18 की तुलना में 2025 तक हृदय की बीमारियों के मामले लगभग तीन गुना बढ़ गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में हृदय रोगियों की संख्या अधिक है।

## विजय की सरकार बनने पर अब भी पेंच



ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु में सरकार गठन पर राजनीतिक सस्पेंस अब भी बरकरार है। टीवीके चीफ और एक्टर विजय ने शुक्रवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का दावा पेश किया, लेकिन उनके पास महज 116 विधायकों का ही समर्थन पत्र था।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक बहुमत का आंकड़ा न होने के कारण आज होने वाला विजय का शपथ समारोह कैंसिल हो गया है। दरअसल, विजय ने राज्यपाल को टीवीके, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआई (एम) के 116 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा था।



409, शगुन टॉवर, अपना स्वीट्स विजय नगर चौराहा, इंदौर
Gunjan Shrivastav 98263 96368

# मॉडल से साध्वी बनीं हर्षा रिछारिया का पहला प्रवचन

## उज्जैन के पास कथा सुनने उमड़ी भीड़, बोलीं- '52 शक्तिपीठों से बनी 52 वर्णमाला'

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन


मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रहीं हर्षा रिछारिया ने संन्यास लेने के एक माह के भीतर ही प्रवचन की शुरूआत कर दी है। शुक्रवार को उज्जैन से करीब 22 किलोमीटर दूर लक्ष्मीपुरा गांव से उन्होंने अपने प्रवचन की शुरूआत की।

यहां 108 कुंडीय यज्ञ के दौरान उन्होंने पहली बार सार्वजनिक रूप से करीब डेढ़ घंटे तक देवी शक्ति, माता सती और 52 शक्तिपीठों का महत्व बताया। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनका प्रवचन सुनने पहुंचे। अपने पहले प्रवचन में हर्षा बोलीं कि हिंदी वर्णमाला में जैसे 52 शब्द होते हैं, वैसे ही शक्तिपीठ भी 52 हैं, इनसे निकले बीज मंत्र से 52 वर्णमाला बनी है।

अब संन्यास के बाद उन्होंने प्रवचन की दिशा में भी कदम बढ़ा दिए हैं। लक्ष्मीपुरा गांव में आयोजित कार्यक्रम के लिए जगह-जगह बड़े होर्डिंग लगाए गए थे, जिन पर देवी प्रवचन - हर्षानंद गिरी लिखकर उनकी तस्वीरें लगाई गई थीं। दोपहर करीब एक बजे शुरू हुए प्रवचन में हर्षा ने राजा दक्ष और माता सती की कथा से शुरूआत की। उन्होंने कहा कि बिना निमंत्रण कहीं नहीं जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने 52 शक्तिपीठों और हिंदी वर्णमाला के 52 अक्षरों को जोड़ते हुए धार्मिक व्याख्या भी की।

**19 अप्रैल को किया था संन्यास ग्रहण-** 19 अप्रैल को उज्जैन स्थित मोनी आश्रम में पंचायती निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज के सानिध्य में हर्षा ने विधिवत संन्यास ग्रहण किया था। संन्यास के बाद उन्होंने गृहस्थ जीवन त्यागकर स्वामी हर्षानंद गिरी नाम अपनाया। उनके संन्यास को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा और सवाल भी उठे, लेकिन हर्षा लगातार अपने विरोधियों को जवाब देती रहीं।

**अपने प्रवचन में यह बोलीं हर्षानंद गिरी-** प्रवचन के दौरान हर्षा ने कहा कि शक्तिपीठों से बीज मंत्रों की उत्पत्ति हुई और उनसे ही वर्णमाला बनी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले पूरी पृथ्वी सनातनी थी। पहली बार इतने बड़े मंच से प्रवचन देने पहुंचीं हर्षा बीच-बीच में लिखित नोट्स देखकर बोलती नजर आईं। बाद में उन्होंने कहा कि वे मंच पर आने से पहले काफी घबराई हुई थीं। कैमरे के सामने बोलना और हजारों लोगों के सामने बोलना अलग अनुभव है, लेकिन गुरु और माता के आशीर्वाद से वे प्रवचन कर पाईं। बिन गुरु कृपा संभव नहीं प्रवचन के दौरान हर्षानंद गिरी ने कहा कि बिना गुरु और माता रानी की कृपा के कथा संभव नहीं है। शुक्रवार को माता रानी का विशेष दिन बताते हुए उन्होंने मातृशक्ति को प्रणाम किया और कहा कि आप हैं तो हम हैं। उन्होंने कहा कि इस सृष्टि में महादेव और जगत जननी आदि शक्ति ऐसी शक्तियां हैं, जिनका न आदि है और न अंत। देवी चेतना और जागृति का स्वरूप हैं, जिनके प्राकट्य का वर्णन किसी शास्त्र में नहीं मिलता। हर्षानंद गिरी ने यह भी कहा कि देवी कथा सुनना भी माता रानी की विशेष कृपा से ही संभव होता है।





### महादेव-आदिशक्ति एक-दूसरे के बिना अधूरे

हर्षानंद गिरी ने प्रवचन में कहा कि महादेव और आदिशक्ति एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं। उन्होंने समझाया कि जैसे माता-पिता दोनों का समान महत्व होता है, वैसे ही शिव और शक्ति भी कभी अलग नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि हर शिव मंदिर में भगवती और हर देवी मंदिर में महादेव विराजमान होते हैं। देवी भागवत और शिव महापुराण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शक्ति के बिना शिव भी शून्य हैं। हर्षानंद गिरी ने श्रद्धालुओं से माता भगवती का स्मरण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सच्चे मन से पुकारने पर मां स्वयं अपने भक्तों की रक्षा और कल्याण के लिए आती हैं।

### स्थानीय नेता भी पहुंचे

प्रवचन के दौरान व्यास गद्दी पर बैठीं हर्षा के चरण स्पर्श करने के लिए लोगों की कतार लग गई। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसोदिया सहित कई स्थानीय नेता और श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रवचन समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं ने उन्हें दक्षिणा भी भेंट की। कार्यक्रम में लक्ष्मीपुरा, कायथा और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# सोलर टैंकर से मिलेगा शुद्ध-ठंडा पानी

## सिंहस्थ में बिना बिजली चलेगा पूरा सिस्टम, 4 लाख लागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एमपी में एक नई तकनीक के तहत सोलर ऊर्जा से संचालित पानी का टैंकर तैयार किया गया है। लगभग 4 लाख रुपए की लागत से बने इस टैंकर में 565 वॉट का सोलर पैनल लगा है, जो बिना किसी बाहरी बिजली के आरओ प्लांट और चिलर सिस्टम को चलाता है। इससे लोगों को शुद्ध और ठंडा पानी मिलता है।

यह सिस्टम सूरज की रोशनी से ऊर्जा प्राप्त करता है। सोलर पैनल पर धूप पड़ते ही पानी के शुद्धिकरण और ठंडा करने की प्रक्रिया स्वतः शुरू हो जाती है, जिससे टैंकर में आने वाला पानी साफ और ठंडा होकर उपलब्ध होता है।

यह सोलर टैंकर विशेष रूप से उन स्थानों के लिए उपयोगी है, जहां बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं, जैसे सार्वजनिक कार्यक्रम, मेले या धार्मिक आयोजन। गर्मी के मौसम में ऐसे आयोजनों में शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती होती है, जिसे यह तकनीक हल कर सकती है।




वर्तमान में इस सिस्टम की टेस्टिंग उज्जैन के कोठी रोड स्थित एमपी स्टेट एग्रो उज्जैन कार्यालय के सामने की जा रही है। यहां प्रशासनिक कार्यालयों और न्यायालय जाने वाले कर्मचारी व आम नागरिक इसका लाभ उठा रहे हैं। इस सड़क पर फिलहाल कोई अन्य प्याऊ उपलब्ध नहीं है। इससे पहले, इस सोलर टैंकर का सफल उपयोग कृषि मेलों में भी किया गया था, जहां किसानों ने इसका भरपूर फायदा उठाया। एमपी एग्रो उज्जैन संभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक पवन परमार ने बताया कि यह तकनीक आगामी बड़े आयोजनों, जैसे सिंहस्थ कुंभ या अन्य विशाल धार्मिक मेलों में बेहद कारगर साबित हो सकती है। इससे बिना बिजली पर निर्भर हुए लाखों लोगों को शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# कलेक्टर ने जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया

## बिना परमिशन बोरिंग करने पर मशीन जब्त कर एफआईआर दर्ज होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आदेशानुसार जिले की सीमा में नलकूप / बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के बिना प्रवेश नहीं करेंगी और बिना अनुमति के कोई नया नलकूप खनन नहीं करेंगी। बिना अनुमति अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधात्मक स्थान पर प्रवेश करने पर मशीन जब्त कर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

निजी नलकूप एवं अन्य निजी जलस्रोतों का आवश्यकता होने पर सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था के लिए अधिग्रहण किया जा सकेगा। उक्त आदेश के उल्लंघन करने पर प्रथम अपराध के लिए पांच हजार रुपए का जुमार्ना और बाद में प्रत्येक अपराध के लिए दस हजार रुपए का जुमार्ना या दो वर्ष का कारावास से दंडनीय होगा। उक्त आदेश शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन पर लागू नहीं होगा।

# आबकारी की 4 गांवों में दबिश, हिरासत में आई महिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अवैध शराब मामलों को लेकर जिले में आबकारी विभाग टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरूवार को टीम ने 4 गांवों में दबिश मारी। एक महिला को कच्ची शराब के साथ हिरासत में लिया, वहीं कच्ची शराब के कुछ ठिकानों को तबाह किया।

आबकारी विभाग नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश कुमार रंधा ने बताया कि सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के निर्देश पर जिले में लगातार अवैध और कच्ची हाथ भट्टी से बनने वाली शराब को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बीती रात जिले के ग्राम सिकंदरखेड़ा, इंगोरिया, खरसौद खुर्द, सिजावता और आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी गई। ग्राम सिकंदरखेड़ा के एक मकान से झनाबाई पति अनिल भानमता 43 साल को पकड़ा गया। जिसके मकान से 20 लीटर हाथ भट्टी की शराब बरामद की गई। उक्त शराब मानव उपयोग के लिये हानिकारक थी। मामले में महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 9 मामले दर्ज किये गय। जिसमें 5 लोगों पर कार्रवाई की गई। वहीं 4 मामले अज्ञात थे। इस दौरान 40 लीटर हाथ भट्टी की शराब और 11 सौ किलोग्राम लहान जप्त कर कच्ची शराब के ठिकानों को नष्ट किया गया। सभी मामले व्रत एसआई कैलाश रूई द्वारा दर्ज किये गये है। दबिश के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र भदौरिया, विजय मेड़ा, ममता भावेल, सुदर्शन काले, उपनिरीक्षक हिमांशु अग्रवाल, आकांक्षा गहरवाल, रानी, शुभांगी और स्टाफ मौजूद था।



### अप्रैल में दर्ज किये थे 142 प्रकरण

आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी रंधा के अनुसार अप्रैल में माह में जिले में टीम द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ होटल, ढाबों पर दबिश दी गई थी। इस दौरान 142 प्रकरण दर्ज किये थे। जिसमें 97 आरोपियों की गिरफ्तारी कर 122 बल्क लीटर शराब और 3475 किलोग्राम लहान जप्त किया गया था।

## खबर एक नजर...

### 12 दिन बाद फिर तापमान 43 डिग्री के करीब पहुंचा

**उज्जैन।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता खत्म होते ही दिन का तापमान शुक्रवार को 43 डिग्री के करीब पहुंच गया। शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर अधिकतम 42.4 डिग्री दर्ज किया गया है। 25 अप्रैल को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा था और तापमान 43 डिग्री दर्ज हुआ था। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने पर तेज हवा और बादलों की आवाजाही के साथ हल्की बारिश से अधिकतम तापमान में गिरावट आई थी और 12 दिनों से तापमान 38 से 40 डिग्री के बीच बना हुआ था। माना जा रहा है कि अब फिर से तापमान में तेजी आयेगी और 44 डिग्री को पार पहुंचेगा। माह के आगामी 2 सप्ताह भीषण गर्मी पड़ सकती है।

### पार्श्वनाथ सिटी में 150 लोगों ने करवाया रक्त परीक्षण

**उज्जैन।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा और जिला अस्पताल के सहयोग से पार्श्वनाथ सिटी में निःशुल्क रक्त परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। पार्श्वनाथ रहवासी समिति के माध्यम से हुए इस शिविर में 150 से अधिक रहवासियों ने रक्त की जांच कराई और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। पार्श्वनाथ सिटी के प्रमुख अभिलाष जैन ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बीमारियों की समय पर पहचान है। शिविर में पहुंचे रहवासियों ने आयोजन की सराहना करते हुए बताया कि ऐसे परीक्षण शिविरों से बीमारी का संकेत शुरुआती अवस्था में मिल जाता है, जिससे उपचार समय पर शुरू करने में सहायता मिलती है। रेडक्रॉस समिति के सचिव अनुराग जैन के अनुसार यह शिविर विश्व रेडक्रॉस दिवस के तहत संचालित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा रहा। कार्यक्रम में विजेंद्र वर्मा, ईश्वर पटेल, हर्ष जैन, संजय अग्रवाल, नीरव शाह, राहुल बंसल, विजय पावसे, वात्सल्य सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

### 63 लाख के 7 नए कचरा कलेक्शन वाहन रवाना

**उज्जैन।** नगर निगम के संसाधनों में लगभग 63 लाख रुपए की लागत से 7 नए डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहन शामिल किए गए हैं। इन वाहनों का शुभारंभ शुक्रवार को ग्रांड होटल से निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने वर्कशॉप विभाग की प्रभारी दुर्गा चौधरी और अपर आयुक्त संतोष टैगोर की उपस्थिति में पूजन कर, फीता खोलकर तथा हरी झंडी दिखाकर किया। नगर निगम के अनुसार, ये सातों वाहन निगम मद से खरीदे गए हैं। इन डोर-टू-डोर वाहनों के माध्यम से उन वार्डों में अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे, जहां जरूरत अधिक है। उन क्षेत्रों में भी व्यवस्था की जाएगी, जहां कचरा वाहन नहीं पहुंच पाते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय और कृष्णा भूरिया भी उपस्थित रहे।

### एकल नाटक मां मुझे टैगोर बना दे का मंचन आज

**उज्जैन।** रंग शक्ति सांस्कृतिक एवं लोक हित समिति शहर के कला और रंगमंच प्रेमियों के लिए शनिवार, 9 मई को एक विशेष नाट्य प्रस्तुति आयोजित कर रही है। शाम 7.30 बजे कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में बहुचर्चित एकल नाटक मां मुझे टैगोर बना दे का मंचन होगा। नाटक का अभिनय और निर्देशन जम्मू के कलाकार लकी गुप्ता करेंगे। प्रस्तुति एक बेटे की उस छोटी-सी चाह के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिसमें वह मां की गोद से उठकर विश्व-कवि बनने के सपने की ओर कदम बढ़ाता है। समिति की ओर से कौशिक पाराशर ने बताया कि कार्यक्रम में इंग्लिश अकादमी के निदेशक वरुण गुप्ता और रंगकर्मी अनंत वर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजन का संचालन शेफाली चतुर्वेदी करेंगी।

उज्जैन
शनिवार
09
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अपूर्वः कोऽपि कोशोऽयं विद्यते तव भारति।
व्ययतो वृद्धि मायाति क्षयमायाति सञ्चयात्।।
अर्थः हे सरस्वती। आपका खजाना वास्तव में अवर्णनीय है; यह खर्च के साथ बढ़ता है और संभालने से घटता है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में चलती बाइक में लगी आग, खाक

**इंदौर।** एलआईजी स्क्वेयर चौराहे पर शुक्रवार दोपहर अचानक एक बाइक में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया और बाइक जलकर पूरी तरह खाक हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों के मुताबिक दोपहर करीब 3:15 बजे एलआईजी स्क्वेयर पर बाइक में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाई। जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बाइक के इंजन के पास शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। हालांकि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी बाइक जल गई। घटना के दौरान विजय नगर से लिंक रोड की ओर जाने वाले ट्रैफिक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुरक्षा के मद्देनजर कुछ समय के लिए लेफ्ट टर्न से वाहनों की आवाजाही भी रोक दी गई थी।

### 6 पोकलेन मशीनों से हो रही तालाब चैनलों की सफाई

**इंदौर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिक निगम इंदौर शहर में बारिश के पानी के संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर काम कर रहा है। इसी कड़ी में शहर के प्रमुख तालाबों में बारिश के पानी की आवक बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न जल चैनलों की सफाई और गहरीकरण का काम तेजी से किया जा रहा है। रोजाना 6 पोकलेन मशीनों से चैनलों की सफाई, मिट्टी हटाने और चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी को अधिक से अधिक मात्रा में तालाबों तक पहुंचाना, जल संरक्षण को बढ़ावा देना और भू-जल स्तर में सुधार लाना है। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी चैनलों की सफाई और मरम्मत का काम 30 मई से पहले गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि आगामी बारिश के मौसम में तालाबों में पर्याप्त जल संचय सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। इसके लिए जनभागीदारी जरूरी है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे भी इस अभियान में सहयोग करें।

### साढ़े तीन करोड़ के वाटर प्लांट कहां हुए गायब, भीषण गर्मी में पेयजल संकट

**इंदौर।** मप्र हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत लगाए गए पेयजल वाटर प्लांटों के गायब होने और उनके संचालन बंद होने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य और नगर प्रशासन से पूछा है कि करोड़ों रुपए खर्च कर लगाए गए वाटर प्लांट आखिर कहां गए। मामले की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डबल बेंच ने की। याचिकाकर्ता व पूर्व पार्षद महेश गर्ग की ओर से एडवोकेट मनीष यादव और शोभित गुप्ता ने पक्ष रखा। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पूर्व परिषद द्वारा करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से शहर के विभिन्न क्षेत्रों और प्रमुख चौराहों पर जनता को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वाटर प्लांट लगाए गए थे। इन वाटर यूनिट्स के रखरखाव और नियमित जांच की जिम्मेदारी भी तय की गई थी। शुरुआत में ये मशीनें शहर के कई प्रमुख स्थानों पर दिखाई दीं, लेकिन बाद में इनका संचालन बंद हो गया और अब इनका कोई पता नहीं है। एडवोकेट ने कोर्ट को बताया कि भीषण गर्मी के दौर में शहरवासियों को पीने के पानी की पर्याप्त सुविधा नहीं मिल रही है और लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। ऐसे में जनता के पैसे से लगाए गए वाटर प्लांटों का गायब होना गंभीर विषय है।

---

रात 12 बजे बुजुर्ग किसान के घर दबिश देकर समझौते का बनाया दबाव, हाईकोर्ट पहुंचे फरियादी

# लसूड़िया के बाद अब बाणगंगा पुलिस कटघरे में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर पुलिस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। लसूड़िया थाने के बाद अब बाणगंगा थाना पुलिस पर एक 64 वर्षीय बुजुर्ग को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और अनुचित दबाव बनाने के आरोप लगे हैं। मामले में बाणगंगा क्षेत्र निवासी जसराज मेहता ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर की है।

बाणगंगा क्षेत्र के रहने वाले पेशे से किसान 64 वर्षीय जसराज मेहता का आरोप है कि पुराने जमीन विवाद के नाम पर पुलिस लगातार उन्हें थाने बुलाकर समझौता करने और पैसे लौटाने का दबाव बना रही है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से पुलिस कमिश्नर और डीसीपी जोन-3 को नोटिस भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा।



फरियादी के मुताबिक कुछ लोगों ने उनके खिलाफ अवैध कॉलोनाइजेशन की झूठी शिकायत की है, जबकि बाणगंगा क्षेत्र में उनके नाम कोई जमीन ही नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कई बार बयान के लिए बुलाया, लेकिन तीन बार थाने पहुंचने के बावजूद उनका बयान दर्ज नहीं किया गया। आरोप है कि इस दौरान उन पर मानसिक दबाव बनाया गया और शिकायत की कॉपी तक उपलब्ध नहीं कराई गई। वहीं थाना बाणगंगा के कुछ पुलिसकर्मियों पर भी पक्षपात करने के आरोप लगाए गए हैं। याचिका के अनुसार 2 अप्रैल 2026 को थाना पहुंचने पर यह कहकर बयान नहीं लिया गया कि थाना प्रभारी छुट्टी पर हैं। बाद में समय मांगने का आवेदन लिखवाया गया। इसके बाद 19 अप्रैल को फिर बुलाया गया, लेकिन तब भी बयान दर्ज नहीं किया गया। फरियादी का आरोप है कि बयान दर्ज करने के बजाय पुलिस समझौता करने और पैसे लौटाने का दबाव बना रही थी। उनका यह भी आरोप है कि पुलिस कुछ लोगों का पक्ष लेकर काम कर रही है।

### बेटी के प्लॉट पर कब्जे का आरोप

जसराज मेहता ने दावा किया कि उनकी बेटी के प्लॉट पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इस मामले में भी वे अलग से कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी में हैं। नोटिस में कुछ लोगों और थाना बाणगंगा के पुलिसकर्मियों पर मिलीभगत और पक्षपात के आरोप लगाए गए हैं। वकील की ओर से भेजे गए नोटिस में मांग की गई है कि पूरे मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी को सौंपी जाए। लेकिन पुलिस की और से जब कोई उचित कार्यवाई नहीं हुई तो फरियादी ने कोर्ट की शरण ली है।

### समझौता करो और पैसे लौटाओ

याचिका में कहा गया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने 15 से 20 साल पुराने कथित प्लॉट बिक्री मामले में शिकायत की थी, जबकि फरियादी का कहना है कि उन्होंने कभी कोई प्लॉट बेचा ही नहीं। इसके बावजूद पुलिस लगातार उन्हें थाने बुलाती रही।

---

# निगम मुख्यालय पर आज नेशनल लोक अदालत, अग्रिम जमा करने पर मिलेगी छूट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शनिवार को नगर निगम के 22 जोनल ऑफिस सहित नगर निगम मुख्यालय और रजिस्टर ऑफिस में नेशनल लोक अदालत होगी। जिसमें बकायादारों को संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में छूट मिलेगी। इसका लाभ लेने के लिए महापौर, निगम कमिश्नर ने बकायादारों से इसका लाभ लेने की अपील की है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 9 मई, शनिवार को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इंदौर नगर निगम के सभी 22 जोनल ऑफिस, रजिस्टार ऑफिस और निगम मुख्यालय में इसका आयोजन होगा।



उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के तहत राज्य शासन के निदेशानुसार निगम के सभी झोनल ऑफिस में नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में बकायादारों को छूट मिलेगी। साथ ही साल 2026-27 का अग्रिम संपत्तिकर जमा करने पर 6.25% की ओर जलकर जमा करने पर 6% की छूट 30 जून तक दी जा रही है। जिसका लाभ करदाताओं को मिलेगा।

**संपत्तिकर के प्रकरणों में मिलेगी छूट-** संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें टैक्स और सरचार्ज की राशि 1 लाख रुपए से ज्यादा बकाया होने पर सरचार्ज में 25% तक की छूट दी जाएगी।

**जलकर के प्रकरणों में भी मिलेगी छूट-** जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें टैक्स और सरचार्ज की राशि 10 हजार तक बकाया होने पर 100% तक की छूट दी जाएगी। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें टैक्स और सरचार्ज की राशि 10 हजार से ज्यादा तथा 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र सरचार्ज में 75% तक की छूट दी जाएगी। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें टैक्स और सरचार्ज की राशि 50 हजार से ज्यादा बकाया होने पर मात्र सरचार्ज में 50% तक की छूट दी जाएगी।

**महापौर-निगम कमिश्नर की अपील-** महापौर और निगम कमिश्नर ने नेशनल लोक अदालत का लाभ लेने के लिए संपत्तिकर और जलकरदाताओं से अपील की है कि वे इस नेशनल लोक अदालत में आकर संपत्तिकर और जलकर जमा कराए और सरचार्ज में छूट का लाभ लेकर शहर के विकास में सहयोग दें।

---

# शादी से मुकरा युवक, युवती पक्ष ने किया अपहरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बाणगंगा थाना क्षेत्र में युवक के अपहरण के मामले में पुलिस ने युवती के भाई को गिरफ्तार किया है। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया, जिसके बाद पुलिस उसे लेकर उज्जैन पहुंची है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के मुताबिक, नायता मुंडला निवासी फिरोज पटेल का उज्जैन निवासी एक युवती से प्रेम संबंध था। दोनों के परिवारों के बीच शादी की बात भी तय हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि फिरोज ने शादी को लेकर युवती के परिजनों को एक गार्डन में बुलाया था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा। इसके बाद युवती पक्ष को लगा कि फिरोज ने शादी से पीछे हटकर उन्हें धोखा दिया है।

इसी बात से नाराज होकर युवती के भाई भावेश यादविक ने अपने साथियों के साथ मिलकर फिरोज का अपहरण कर लिया। आरोप है कि आरोपी जबरन फिरोज को कार में बैठाकर उज्जैन ले जा रहे थे। इस दौरान फिरोज के एक परिचित ने घटना देख ली और पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही बाणगंगा पुलिस ने बरोली टोल नाके पर घेराबंदी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी भावेश यादविक को पकड़ लिया, जबकि उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए।

---

# इंदौर में जटिल सर्जरी 17 इंच का कैंसर ट्यूमर निकाला

## एक फेफड़े के सहारे किया बेहोश, छह घंटे चला हाई रिस्क ऑपरेशन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में 50 वर्षीय व्यक्ति की जटिल और दुर्लभ कैंसर सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। मरीज पिछले करीब डेढ़ से दो साल से छाती में बढ़ रहे ट्यूमर से परेशान था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह समय पर ऑपरेशन नहीं करा सका, जिससे कैंसर तेजी से फैलकर फेफड़े, डायफ्राम, लिवर और किडनी तक पहुंच गया। हालत इतनी गंभीर हो चुकी थी कि चार अस्पतालों ने सर्जरी करने से इनकार कर दिया था।

मरीज जुलवानिया का निवासी है। उसे लगातार दर्द रहता था और सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी थी। भारी ट्यूमर के कारण चलना-फिरना और रोजमर्रा के काम करना भी मुश्किल हो गया था।



पिछले सप्ताह उसने इंडेक्स मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज कराया। सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. अमित कटलाना ने बताया कि मरीज को सारकोमा प्रकार का कैंसर था, जो शरीर की मांसपेशियों और टिश्यू में विकसित होता है।

ट्यूमर बाईं पसलियों और आसपास की मांसपेशियों से शुरू होकर धीरे-धीरे फेफड़ों, डायफ्राम, लिवर और किडनी के पास तक फैल गया था। इसका आकार करीब 45 सेंटीमीटर लंबा और 30 सेंटीमीटर चौड़ा हो चुका था।

फिलहाल मरीज की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। उसे आईसीयू से वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है और खाना-पीना भी शुरू हो गया है। डॉक्टरों को उम्मीद है कि अगले पांच से सात दिनों में उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। बायोप्सी रिपोर्ट आने के बाद आगे का उपचार और नियमित जांच की जाएगी।

- **तीन पसलियां हटानी पड़ीं, दोबारा बनाई छाती की दीवार-** डॉक्टरों के अनुसार सर्जरी बेहद चुनौतीपूर्ण थी। ऑपरेशन के दौरान छाती का बड़ा हिस्सा खोलना पड़ा और प्रभावित हिस्से को हटाने के साथ तीन पसलियां निकालनी पड़ीं। डायफ्राम का बड़ा हिस्सा भी काटकर दोबारा तैयार किया गया। मांसपेशियां हटने के कारण शरीर में बने खाली हिस्से को मजबूत करने के लिए विशेष मेडिकल जाली का उपयोग किया गया। डॉक्टरों ने पसलियों का पुनर्निर्माण भी किया और डायफ्राम को दोबारा जोड़ा।
- **एक फेफड़े के सहारे चला ऑपरेशन-** डॉक्टरों ने बताया कि इस तरह की सर्जरी में मरीज को केवल एक फेफड़े के सहारे बेहोशी की अवस्था में रखना पड़ता है। ऑपरेशन के दौरान दूसरे फेफड़े को दबाकर रखना होता है, जिससे एनेस्थीसिया प्रक्रिया भी काफी कठिन हो जाती है। करीब छह घंटे चली सर्जरी में सर्जन, सहायक डॉक्टर, रेजिडेंट और एनेस्थीसिया विशेषज्ञों की टीम शामिल रही।

## खबर एक नजर...

### कालिदास अकादमी में आज होगा नाटक 'मां मुझे टैगोर बना दे' का मंचन

उज्जैन। रंग शक्ति सांस्कृतिक एवं लोक हित समिति द्वारा शहर के कला और रंगमंच प्रेमियों के लिए एक विशेष नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया जा रहा है। आज शनिवार, 9 मई को शाम 7:30 बजे बहुचर्चित एकल नाटक 'मां मुझे टैगोर बना दे' का मंचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में होगा। इस नाटक का अभिनय और निर्देशन जम्मू के कलाकार लकी गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। यह प्रस्तुति मुख्य रूप से एक बेटे की उस छोटी-सी चाह पर आधारित है, जिसमें वह मां की गोद से उठकर विश्व-कवि बनने की राह पर आगे बढ़ता है। संस्था की ओर से कौशिक पाराशर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में इंग्लिश अकादमी के निदेशक वरुण गुप्ता और रंगकर्मी अनंत वर्मा बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का संचालन शेफाली चतुर्वेदी करेंगी। आयोजक समिति ने शहर के सभी नागरिकों और कला जगत से जुड़े लोगों को आमंत्रित करते हुए कहा है कि दर्शकों की उपस्थिति ही कलाकारों के लिए सच्ची प्रेरणा होगी।

### आज सजेगी 'एक शाम लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के नाम'

**उज्जैन।** शहर की संस्था म्यूजिक मैजिक के तत्वावधान में आज शनिवार, 9 मई को 'एक शाम लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के नाम' संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में शाम 7:30 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित कलाकार प्रसिद्ध संगीतकार जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। संस्था के अध्यक्ष एवं निर्देशक सूर्यकांत बरहानपुरकर ने बताया कि इस सांगीतिक संध्या में संस्था के गायक-गायिकाओं द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी जो श्रोताओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कार्यक्रम में भालचंद्र कुलकर्णी, रविंद्र अयाचित, उल्हास मांजरेकर, एकनाथ पांडे, हिर्देश आचार्य, वृशाली संत-कुलकर्णी, भारती कुलकर्णी, डॉ. कीर्ति देशपांडे, कीर्ति जायसवाल, रघुनाथ सूर्यवंशी, नीललोहित पलशीकर, रंजीत तावरे, डॉ. सचिन कवठेकर, भारत पांचाल और ब्रजमोहन खंडेलवाल अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियां देंगे।

**सवा दो घंटे के धरने के बाद प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, किसान कांग्रेस अध्यक्ष चौहान व विधायक परमार ने कार्रवाई पर जताया आक्रोश**

# किसान नेता अशोक जाट की जिला बदर कार्रवाई का कड़ा विरोध, कांग्रेस ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक जाट पर प्रशासन द्वारा की गई जिला बदर की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस कार्यकताओं ने करीब सवा दो घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। इसके पश्चात मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, विधायक एवं जिला अध्यक्ष महेश परमार और शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई।

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि अशोक जाट किसानों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करने वाले जुझारू नेता हैं। उन पर दर्ज पुलिस प्रकरण जनता के हितों को लेकर किए गए आंदोलन और चक्काजाम जैसी समस्याओं से संबंधित हैं। कांग्रेस का आरोप है कि ये राजनीतिक मुकदमे वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन हैं,



इसके बावजूद प्रशासन ने राजनीतिक द्वेष भावना से एकतरफा कार्रवाई करते हुए जिला बदर का आदेश जारी कर दिया।

**पूरे प्रदेश की कांग्रेस करेगी घेराव**

मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने प्रशासन को सख्त चेतावनी दी है कि यदि किसान नेताओं पर इस प्रकार के झूठे मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई की गई, तो पूरी मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। ज्ञापन के माध्यम से भी स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में ऐसी कार्रवाई होने पर जिला ग्रामीण एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा लगातार आंदोलन किए जाएंगे और इस दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की संपूर्ण जवाबदेही केवल जिला प्रशासन की होगी।

संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. रवि राय, अजीत सिंह ठाकुर, वीर सिंह राणा, लोकेंद्र सिंह, सुरेश चौधरी, अभिषेक शर्मा, बब्लू खींची, आनंद मीणा, रमेश सांखला, रहीम लाला, संचित शर्मा, अनवर बाबा, पवन यादव, दुर्गेश धवन, राजेंद्र राठौर, मोंटू चंदेल, वीरेंद्र गोसर, फिरोज पठान, अनवर नागोरी, शाहिद सिद्दीकी, अर्पित यादव, गजेंद्र मारोठिया, ईमरान खान, सोनिया ठाकुर, मदीना अली, नीलम विश्वास और रश्मि त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अश्विन जोशी के निधन के कारण समाप्त किया धरना

यह धरना प्रदर्शन सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर करीब सवा एक बजे तक चला। इसी बीच इंदौर के वरिष्ठ नेता अश्विन जोशी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त होने के कारण धरना प्रदर्शन को जल्दी समाप्त कर दिया गया।

## नेशनल गेम्स में उज्जैन के 4 बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन

### रीजनल स्पर्धा में वेदांशी को स्वर्ण और तोषी को रजत, तीन खिलाड़ियों का यह लगातार तीसरा नेशनल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

केंद्रीय विद्यालय बैडमिंटन नेशनल गेम्स के लिए उज्जैन के चार होनहार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। आईआईटी इंदौर में आयोजित 55वें केंद्रीय विद्यालय रीजनल स्पोर्ट्स 2026 में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा।

महानंदा विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के कोच योगेश बंदेवार ने बताया कि वेदांशी रावत, तोषी सेंगर, वेदिका कुनहारा और सार्थक सिंह ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए नेशनल गेम्स के लिए अपनी जगह पक्की की है। स्पर्धा के खिताबी मुकाबले में वेदांशी रावत ने भोपाल की सोनाक्षी को सीधे सेटों में हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं, तोषी सेंगर ने भोपाल की वैष्णवी को कड़े संघर्ष के बाद 13-15, 15-4 और 15-10 से पराजित कर रजत पदक हासिल किया। तोषी, वेदांशी और वेदिका का यह लगातार तीसरा नेशनल टूनामेंट होगा। चयनित सभी खिलाड़ी महानंदा स्थित विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब में कोच योगेश बंदेवार के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव, विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष दिनेश जाटबा, सचिव जितेंद्र मुकाती, यूडीबीए सचिव प्रभात शिरसाट सहित सभी खेल प्रेमियों और सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## विश्व रेडक्रॉस दिवसः पार्श्वनाथ सिटी में 150 से अधिक लोगों ने कराया निःशुल्क रक्त परीक्षण

### बीमारियों की पूर्व पहचान कर स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा और जिला अस्पताल के सहयोग से पार्श्वनाथ सिटी में निःशुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पार्श्वनाथ रहवासी समिति के माध्यम से आयोजित इस शिविर में 150 से अधिक रहवासियों ने अपने रक्त की जांच कराकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की।

पार्श्वनाथ सिटी के प्रमुख अभिलाष जैन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। रहवासियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से बीमारियों का समय रहते पता चल जाता है, जिससे जल्द उपचार शुरू करने में



मदद मिलती है। शिविर के दौरान रहवासियों ने जिला अस्पताल से आई टीम का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और धन्यवाद प्रेषित किया।

जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव अनुराग जैन ने बताया कि यह आयोजन 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अंतर्गत चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस के कोषाध्यक्ष विजेंद्र वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिविर को सफल बनाने में पार्श्वनाथ रहवासी समिति के पदाधिकारियों ईश्वर पटेल, हर्ष जैन, संजय अग्रवाल, नीरव शाह, राहुल बंसल, विजय पावसे, वात्सल्य सिसोदिया, अमित शर्मा, योगेश येवले, हेमंत काकाणी, तपन वैष्णव, स्वप्नेष कुलकर्णी, सीमा सिंधे, अपरा विजयवर्गीय, मनीषा शर्मा, अर्पिता सोमानी और माधुरी सिसोदिया का विशेष योगदान रहा।

# उज्जैन आरटीओ से लॉक बस में ढोए जा रहे स्कूली बच्चे

### युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन आरटीओ द्वारा लॉक की गई एक बिना बीमा और अवैध दस्तावेजों वाली बस से स्कूली बच्चों को ढोकर उनकी जान के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। यह गंभीर लापरवाही राजगढ़ जिले की नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम विसारती स्थित केरियर पब्लिक हाई स्कूल के प्रिंसिपल सतीश कुमार राठौर पिता सुरेश चंद्र राठौर द्वारा



की जा रही है।

मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने इस मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, शिक्षा मंत्री और डीजीपी को पत्र लिखा है। उन्होंने स्कूल संचालक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग की है। मनीष सिंह चौहान ने बताया कि स्कूल में बच्चों को लाने-ले जाने के लिए जिस बस क्रमांक एमपी 13 जेडी डब्ल्यू 6130 का उपयोग किया जा रहा है, उसे उज्जैन आरटीओ ने 23 जून 2025 को लॉक कर दिया था। इस वाहन का टीसी आदेश क्रमांक 116, 2025 है। दरअसल उज्जैन आरटीओ द्वारा थोकबंद फर्जी एनओसी के आधार पर कई गाड़ियां पंजीकृत की गई थीं जिनमें से एक यह भी थी। इस गाड़ी का असली नंबर एचआर 63 बी 9257 है जो हरियाणा पासिंग की बताई जाती है। वर्तमान में बस का न तो बीमा है और न ही इसका कोई मान्यता प्राप्त दस्तावेज है।

### पैसों का लेनदेन कर माधव नगर थाने में बदल दिए बयान

प्रिंसिपल सतीश कुमार राठौर को इस बात की पूरी जानकारी है कि गाड़ी का पंजीयन उज्जैन आरटीओ द्वारा लॉक किया जा चुका है। शुरूआत में उन्होंने बस बेचने वाले एजेंटों के खिलाफ उज्जैन पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन दिया था। लेकिन बाद में स्कूल संचालक और बस दलालों के बीच सांठगांठ हो गई। बस बेचने वालों से 5 लाख 50 हजार रुपए का समझौता हुआ जिसमें से 5 लाख रुपए की राशि संचालक को प्राप्त हो गई और 50 हजार रुपए का चेक बाउंस हो गया। इसके बाद स्कूल संचालक ने उज्जैन के माधव नगर पुलिस थाने में बस बेचने वाले दलालों के पक्ष में अपने बयान दर्ज करवा दिए। दलालों से समझौता होने के बावजूद स्कूल संचालक ने बच्चों को इस अवैध और असुरक्षित बस से लाना-ले जाना बंद नहीं किया है। रोजाना मासूम बच्चों के जीवन को खतरे में डाला जा रहा है। न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले इस स्कूल संचालक के विरुद्ध जल्द ही सख्त कार्रवाई नहीं की गई और स्कूल की मान्यता रद्द नहीं की गई, तो संगठन द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## खबर एक नजर...

**विद्यार्थियों को समय पर मिलेंगी किताबें, गुणवत्ता पर रहेगा विशेष ध्यान**

**पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष सौभाग्य सिंह मंगरोला ने पत्रकारों से की चर्चा, मुख्यमंत्री का जताया आभार**

उज्जैन। प्रदेश के विद्यालयों में विद्यार्थियों को समय पर किताबें उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। यह बात मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह मंगरोला ने कही। वे उज्जैन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।

मंगरोला ने निगम की कार्यप्रणाली स्पष्ट करते हुए बताया कि पाठ्य पुस्तक निगम का मुख्य कार्य पुस्तकों के मुद्रण का है, जबकि पुस्तकों की सामग्री तैयार करने के लिए लेखन समिति अलग से कार्य करती है। उन्होंने कहा कि निगम का विशेष ध्यान इस बात पर रहेगा कि पुस्तकें समय पर मुद्रित हों और उनमें इस्तेमाल किए जाने वाले कागज की गुणवत्ता उत्कृष्ट हो, ताकि विद्यार्थियों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

चर्चा के दौरान निगम अध्यक्ष मंगरोला ने अपनी नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता पर जो महत्वपूर्ण विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

**28वीं जिला स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग और डेड लिफ्ट स्पर्धा 10 मई को, खिलाड़ियों का वजन व पंजीयन आज**

**मातृत्व दिवस और स्व. फिलोमेना एंथोनी की स्मृति में नागदा में होगा भव्य आयोजन**

**जिले भर से लगभग 230 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, मिलेंगे नकद पुरस्कार और 12 बेस्ट लिफ्टर खिताब**

उज्जैन।

मध्य प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में 28वीं जिला स्तरीय क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन 10 मई को नागदा में किया जाएगा। मातृत्व दिवस और स्वर्गीय फिलोमेना एंथोनी की पावन स्मृति में उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन तथा मदर मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस स्पर्धा में जिले भर के लगभग 230 खिलाड़ी भाग लेंगे।

उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का वजन और पंजीयन शुक्रवार 8 मई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के मध्य तरण ताल परिसर स्थित स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र में किया जाएगा। मुख्य स्पर्धा 10 मई को सुबह 9 बजे से तीन अलग-अलग स्टेजों पर एक साथ शुरू होगी।

**इन वर्गों में होगी स्पर्धा और मिलेंगे ये पुरस्कार**

यह चैंपियनशिप सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स महिला व पुरुष वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में उज्जैन जिले के साथ-साथ नागदा, तराना, खाचरोद, बड़नगर और महिदपुर तहसीलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। स्पर्धा के दौरान खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कारों के अलावा 12 स्ट्रांग मैन और स्ट्रांग वूमेन बेस्ट लिफ्टर अवार्ड के आकर्षक खिताब भी रखे गए हैं।

**ये रहेंगे अतिथि और निर्णायक**

चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संरक्षक प्रेम सिंह यादव,

# नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहे तक बनी नई सड़क फिर तोड़ी, आवागमन हो रहा है बाधित, नागरिक परेशान

## 5-6 महीने पहले बनी थी सीमेंट कांक्रीट सड़क, लोगों ने उठाए सवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहा तक हाल ही में बनाई गई सीमेंट कांक्रीट सड़क को शुक्रवार को दोबारा जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि इस सड़क का निर्माण करीब 5-6 महीने पहले ही किया गया था और सड़क अच्छी स्थिति में थी। इसके बावजूद सड़क को उखाड़े जाने से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी देखी गई। वर्तमान में नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है स्थानीय रहवासियों का कहना है कि सड़क तोड़ने के कारण आसपास की कॉलोनियों में आने-जाने का मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि सड़क को दोबारा बनाना ही था तो पहले एक तरफ का निर्माण पूरा किया जाना चाहिए था, ताकि आवागमन जारी रह सके। लेकिन बिना वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था किए पूरी सड़क तोड़ दिए जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने निर्माण कार्य पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सड़क को कुछ महीनों बाद ही दोबारा तोड़ना था तो इसका निर्माण आखिर क्यों किया गया। लोगों ने इसे अधिकारियों की मनमानी बताते हुए कहा कि बिना योजना के कार्य होने से आम नागरिकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।



### सड़क दोबारा बनाने की बात

मौके पर मौजूद सुपरवाइजर ने बताया कि सड़क को दोबारा निर्माण के लिए तोड़ा गया है और नई सड़क बनाई जाएगी। हालांकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क पहले से अच्छी स्थिति में थी, इसलिए उसे फिर से तोड़ने का निर्णय समझ से परे है। सड़क उखड़ने के बाद इस मार्ग पर आवागमन लगभग बंद हो गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब तक नई सड़क का निर्माण पूरा नहीं होगा, तब तक लोगों को वैकल्पिक रास्तों से होकर गुजरना पड़ेगा

**आत्म-निर्माण के गुरुकुल से जगेगी चेतना, राजू महाराज ने किया आह्वान**

# परमहंस आदिशक्ति साधना केंद्र करेगा आध्यात्मिक गुरुकुल की स्थापना, सिखाई जाएंगी प्राचीन विद्याएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के साइको योग फाउंडेशन और परमहंस आदिशक्ति साधना केंद्र द्वारा आत्म-निर्माण के गुरुकुल की स्थापना का पावन संकल्प लिया गया है। इस पुनीत कार्य के लिए राजू महाराज ने आमजन और श्रद्धालुओं से विशेष अपील की है। उनका कहना है कि अब तक समाज ने भव्य मंदिरों और मूर्तियों के निर्माण के लिए दिल खोलकर सहयोग दिया है, लेकिन आज के समय में मनुष्य को भीतर से मजबूत करने वाले एक आध्यात्मिक गुरुकुल की अधिक आवश्यकता है।

महाराज जी ने अपने संदेश में कहा कि आज का इंसान मानसिक तनाव, अशांति और अज्ञान के अंधकार में घिरा हुआ है। बाहरी भव्यता के बीच मनुष्य को गढ़ने और उसकी आत्मा को जागृत करने का कार्य कहीं पीछे छूट गया है। इसी दिशा में परमहंस आदिशक्ति साधना केंद्र एक ऐसे अद्वितीय गुरुकुल की स्थापना की ओर बढ़ रहा है, जहां केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रहकर प्राचीन भारतीय विज्ञान का जीवंत अनुभव कराया जाएगा।

इस आध्यात्मिक गुरुकुल में तंत्र, मंत्र, यंत्र, ध्यान और योग की शिक्षा दी जाएगी। यहां शरीर की ऊर्जा को समझने, ध्वनियों की शक्ति से सुप्त चेतना को जागृत करने और ब्रह्मांडीय ज्यामिति के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा को जीवन में उतारने के गुर सिखाए जाएंगे। इसके साथ ही आधुनिक समय की गंभीर समस्या अवसाद से मुक्ति और परम शांति के लिए ध्यान व योग पर विशेष जोर रहेगा। महाराज जी के अनुसार मन अक्सर भटकाव की ओर ले जाता है, इसलिए यहां साधकों को सत्य की खोज करते हुए अपनी आत्मा की आवाज सुनना सिखाया जाएगा।

साइको योग फाउंडेशन की संगीता कुशवाहा ने नर से नारायण सेवा का संदेश देते हुए बताया कि एक मंदिर में हम दर्शन करते हैं, लेकिन इस गुरुकुल में दर्शन को जीना सिखाया जाएगा। यह केंद्र पूरी मानवता के कल्याण के लिए होगा, जहां से तैयार होने वाले साधक समाज में शांति और ज्ञान का प्रकाश फैलाएंगे। संस्था ने आह्वान किया है कि स्वयं के भीतर के देवत्व को जगाने वाली इस पाठशाला के लिए लोग आगे आएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भटकाव से बचाया जा सके और उन्हें असली चेहरा पहचानने की शक्ति मिल सके। इस पुण्य कार्य में तन, मन या धन से सहभागी बनने के लिए श्रद्धालु सीधे परमहंस आदिशक्ति साधना केंद्र उज्जैन के संपर्क सूत्र 9340478599, 9425093725 या वाट्सएप नंबर 8871552177 पर संपर्क कर सकते हैं।

### भू-जल स्तर गिरा, नलकूप खनन पर प्रतिबंध

उज्जैन। जिले में गिरते भूजल स्तर को देखते हुए संपूर्ण जिले में अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगा दिया है। जिले में भूजल के स्तर की स्थिति वर्तमान में क्या है यह जानना अब सुलभ नहीं है। जिले का कार्यालय दो वर्ष पूर्व इंदौर के कार्यालय में मर्ज कर दिया गया था तभी से जिले के भू-जल की जानकारी मिलना संभव नहीं हो पा रही है। वैसे मई मध्य से अंत तक भूजल के स्तर की जांच इससे संबंधित विभाग जिले के तहसील केंद्रों पर करता है। उज्जैन जिले में भूजल का स्तर पिछले वर्षों में ही काफी समस्याकारक स्थिति में रहा है। इस बार गर्मी के दौरान इसकी स्थिति और अधिक बिगड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके चलते नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना समयानुकूल निर्णय है।

# मरहूम अहमद शान की याद में ऑल इंडिया मुशायरा आज

### मदारगेट के रफीक शादमानी हॉल में सजेगी महफिल, देशभर के नामचीन शायर करेंगे शिरकत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रसिद्ध शायर मरहूम हुसैन अहमद शान की याद में 9 मई की रात 9.30 बजे मदारगेट (अमरपुरा) स्थित रफीक शादमानी हॉल में 'ऑल इंडिया नशिस्त' (मुशायरा) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में देशभर के ख्यात शायर अपना कलाम पेश करेंगे। कमेटी अध्यक्ष जब्बार शेख ने बताया कि कार्यक्रम के पहले सत्र में संस्था द्वारा मरहूम हुसैन अहमद शान को खिराज-ए-अकीदत पेश की जाएगी।

मुशायरा कन्वीनर शकील सिद्दीकी पटवारी के अनुसार, महफिल में आमंत्रित बाहरी शायरों में बुरहानपुर के नईम अख़्तर खादमी, दिल्ली के आदिल रशीद, गुना के दीपक जैन, धार के कमर साकी, बड़नगर के अयूब आसिम, इन्दौर के तजदीद साकी, देवास के शाहनवाज अंसार अहमद और तराना के नईम आफताब शामिल हैं। वहीं स्थानीय शायरों में इकबाल परवाजी, रईस पानबिहारी, सुरखाब बशर, मिर्जा जावेद बेग, मलंग खान, अंसार अहमद अंसार और मशहूर शायरा शबनम अली शबनम शिरकत करेंगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन शहर काजी खलीक उर्रेहमान होंगे। देवास नगर निगम के पूर्व सभापति हाजी अंसार अहमद हाथी वाले विशेष अतिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ अदबनवाज कोटा वाले वहीद खान करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में इंदौर के वरिष्ठ पत्रकार परवेज इकबाल, जब्बा अध्यक्ष इंजी. सरफराज कुरैशी, पूर्व पार्षद जफर सिद्दीकी, एडवोकेट जाहिद नूर खान, रफीक कुरैशी, सैयद फारुक पहलवान, समीर उल हक, पत्रकार रशीद खान, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पंडित योगेश व्यास, खामोश दस्तक के संपादक शादाब लाला, हाजी फहीम सिकन्दर, सैयद बिलाल हसन, मुजीब सुपारी वाले और रागिब हाशमी उपस्थित रहेंगे।

# 63 लाख की लागत से नगर निगम में शामिल हुए 07 नए डोर-टू-डोर वाहन

### निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने हरी झंडी दिखाकर वार्डों के लिए किया रवाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के संसाधनों में 63 लाख रुपये की लागत से 07 नए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहन शामिल किए गए। शुक्रवार को ग्रांड होटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने वाहनों का पूजन कर फीता काटा तथा हरी झंडी दिखाकर वार्डों के लिए रवाना किया।

कार्यक्रम में वर्कशॉप विभाग की प्रभारी दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी एवं अपर आयुक्त संतोष टैगोर उपस्थित रहे। नगर निगम मद से खरीदे गए इन 07 वाहनों पर लगभग 63 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। निगम प्रशासन के अनुसार इन वाहनों का उपयोग विशेष रूप से उन वार्डों में किया जाएगा जहां अतिरिक्त कचरा वाहनों की आवश्यकता है अथवा जहां अब तक डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहन नहीं पहुंच पाते थे।



इस अवसर पर उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय तथा वर्कशॉप प्रभारी कृष्णा भूरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर एक नजर...

### 109वें दिन श्रमदानियों ने निकाली एक ट्रॉली गाद और गंदगी

मंदसौर। नगर की जीवनदायिनी शिवना नदी को स्वच्छ बनाने के लिए जारी शुद्धिकरण अभियान के 109वें दिन भी श्रमदानियों का उत्साह चरम पर रहा। सुबह से ही विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं, जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर नदी से एक ट्रॉली गाद, कचरा और गाजर घास बाहर निकाली। इस दौरान विधायक विपिन जैन ने भी श्रमदान किया और नगरवासियों से अपील की कि वे प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे के बीच इस अभियान का हिस्सा बनकर नदी के प्राकृतिक स्वरूप को बचाने में सहयोग करें। अभियान में समाज सेवियों, महिला संगठनों और कांग्रेस कार्यकताओं सहित विभिन्न ग्रामों के नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और नदी के आसपास फैली कंटीली झाड़ियों व अवांछित वनस्पतियों को हटाकर सफाई कार्य को गति प्रदान की।

### 124 ग्राम पंचायतों को मिली फील्ड टेस्टिंग किट

मंदसौर। जनपद पंचायत में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर जनपद पंचायत की 124 ग्राम पंचायतों को फील्ड टेस्टिंग किट वितरित की गई, ताकि ग्रामीण स्तर पर जल की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। किट का वितरण जनपद पंचायत सीईओ धर्मेंद्र यादव और जिला सलाहकार मुकेश गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने पंचायत सचिवों को प्रशिक्षित करते हुए बताया कि इस किट के माध्यम से पीएच मान, फ्लोराइड, आयरन और बैक्टीरिया परीक्षण सहित 10 तरह की जांचें की जा सकती हैं। प्रशिक्षण में जल स्त्रोतों के नियमित क्लोरीनेशन, सुरक्षित भंडारण और दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### राग रंग म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति गुलाब चक्कर में 9 मई को

रतलाम। जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा रतलाम शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक महत्व के गुलाब चक्कर में प्रतिदिन शहरवासियों के लिए मनोरंजन की गतिविधियाँ हो रही है। संगीत और अन्य कार्यक्रमों की स्वर लहरिया मालवा की माटी के केंद्र रतलाम के गुलाब चक्कर को अपनी संगीतमई महक से सराबोर कर रही है। जब से रतलाम के गुलाब चक्कर का सौंदर्यीकरण हुआ हैं रतलाम शहर की फिजा ही बदल गई है और पूरे प्रदेश में इसकी गूंज है, जिसके चलते भोपाल के प्रतिष्ठित राग रंग म्यूजिकल ग्रुप एंड आर्ट फाऊंडेशन द्वारा रतलाम के गुलाब चक्कर के सौंदर्य से प्रभावित होकर यह चौथी प्रस्तुति देने जा रहा हैं जिसमें राग रंग म्यूजिकल ग्रुप के प्रतिष्ठित गायक एवं आयोजक श्री सुमीत शर्मा, श्री अमित शर्मा, मोहन सावले, लक्ष्मी पटेल, तनु सिंह 9 मई शनिवार को सदाबहार मन भावन फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां देंगे।

# सेजावता फंटा तक बने 4.12 किलोमीटर लंबे फोरलेन की गुणवत्ता जांचने के लिए पहुंची टीम

### शिकायत पर लोक निर्माण मंत्री ने बनाई थी जांच कमेटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



स्थानीय जावरा फाटक अंडर ब्रिज से सेजावता फंटा फोरलेन तक 4.12 किलोमीटर लंबे सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच गुरुवार को की गई। लोक निर्माण विभाग के उच्च स्तरीय अधिकारियों ने निर्मित सड़क से विभिन्न स्थानों से सैंपल लेकर परीक्षण हेतु संग्रहित किए।

जानकारी के अनुसार, विभाग के मुख्य अभियंता ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप की ओर से की गई शिकायत और निदेर्शों के बाद इस जांच समिति का गठन किया था।

बताया जा रहा है कि मंत्री चेतन्य काश्यप को स्थानीय स्तर पर सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी और अनिय मितताओं की जानकारी मिली थी। इस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता से चर्चा कर जांच के निर्देश दिए।

इसके पूर्व रूस्त्रूश्व मंत्री चेतन्य काश्यप ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से भी चर्चा कर पूरे मामले से अवगत कराया था। मंत्री राकेश सिंह ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच के लिए गठित समिति में शामिल अधिकारी एस.आर. गोरखेड़े, प्रभारी मुख्य अभियंता (भवन), लोक निर्माण विभाग, इंदौर परिक्षेत्र,मयंक शुक्ला, प्रभारी अधीक्षण यंत्री, लोक निर्माण विभाग, राजधानी परिक्षेत्र भोपाल, गणेश प्रसाद पटेल, अधीक्षण यंत्री, लोक निर्माण विभाग, उज्जैन मंडल द्वारा सड़क निर्माण कार्य की विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत किया जाएगा।

#### पहले भी उठ चुके हैं सवाल

गौरतलब है कि इस मामले में क्षेत्रीय पार्षद ने पिछले वर्ष अगस्त माह में जिला कलेक्टर, संभागायुक्त तथा जिले के प्रभारी मंत्री विजय शाह को पत्र लिखकर सड़क निर्माण में कथित अनियमितताओं और गुणवत्ता संबंधी शिकायतों से अवगत कराया था।

### कालाखेत से नए स्थान पर बसना शुरू हुए साठिया समुदाय के लोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र दया मंदिर के पीछे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और कालाखेत क्षेत्र से साठिया समुदाय को विस्थापन करने की समस्या का पिछले कई वर्षों से बनी हुई है जिनको नये रेल्वे ब्रिज के पास स्थान मुहैया कराते हुए विस्थापन करना शुरू कर दिया गया है। साठिया समुदाय को नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन की पहल पर अब उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया गया है। शुक्रवार को राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर भी कालाखेत पहुंचे और साठिया समुदाय के लोगों से चर्चा कर उन्हें नए स्थान पर बसने के लिए प्रेरित किया। नपाध्यक्ष ने बताया कि अधिकांश परिवारों ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है और शुक्रवार को नगरपालिका की टीम ने वाहनों के माध्यम से लगभग १५ परिवारों का सामान नए स्थान पर सुरक्षित पहुँचाया। कई परिवारों ने आवंटित भूखंडों पर अपना बसेरा बनाना भी शुरू कर दिया है। नगर पालिका परिषद द्वारा विस्थापितों के लिए चिह्नित भूमि पर अर्थवर्क, प्लॉटिंग और लाइनिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है

### खाद्य विभाग की टीम ने फ्रूट दुकानो का औचक निरीक्षण कर 11नमूने लिए

**नीमच।** जिला कलेक्टर अपर कलेक्टर के निर्देश पर, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गुरुवार को नीमच के फ्रूट मार्केट, सब्जी मंडी में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत फलों को पकाने में प्रतिबंधित कार्बाइड के उपयोग की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान पर प्रतिबंधित कार्बाइड का उपयोग नहीं पाया। मौके पर आम को पकाने के लिए स्नस्स्ढ्ढ अनुमोदित एथिलीन रिपेनर' का उपयोग किया जाना पाया गया। तरबूज का भी मौके पर प्राथमिक परीक्षण किया गया। 11 नमूने जांच हेतु संग 'हित किए गए, जिनमे फर्म वारिस फ्रूट मर्चेंट, सब्जी मार्केट नीमच' तरबूज का नमूना 'फर्म चंदेल फ्रूट कंपनी, सब्जी मंडी नीमच' -बादाम आम का नमूना 'फर्म अनवर हुसैन एंड ब्रदर्स' बादाम आम व लाल पट्टा आम का नमूना फर्म शहंशाह-ए-हिन्द फ्रूट कंपनी' बादाम आम व पपीता का नमूना फर्म आनंद फ्रूट कंपनी, सब्जी मार्केट'- बादाम आम, तोता परी आम, अल्फांसो आम, केसर आम के नमूने तरबूज का नमूना सभी 11 नमूना को राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल विशेष वाहक के हस्ते भेजा जा रहा है।

# युवक की मौत के बाद गांधी चौराहे पर प्रदर्शन

### परिजनों ने मुआवजे और न्याय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम हुए बस हादसे में मृतक युवक वरदीचंद के परिजनों ने न्याय की मांग को लेकर शहर के गांधी चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। ग्राम बेटीखेड़ी निवासी 22 वर्षीय वरदीचंद की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों और समाजजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को बीच सड़क पर रखकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी माँगें रखते हुए कहा कि मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिले और बस संचालक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया जाए। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रशासन की समझाइश और मांगों को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुँचाने के वादे के बाद परिजन धरना समाप्त करने पर सहमत हुए। उल्लेखनीय है कि यह हादसा गुरुवार शाम शामगढ़ से मंदसौर आ रही निक्की बस डिगांव-माल्या मार्ग पर एक अन्य वाहन को बचाने की कोशिश में अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिसमें करीब 30 यात्री घायल हुए थे। गंभीर रूप से घायल वरदीचंद ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार अभी भी जिला अस्पताल में जारी है।

### नवागत एसपी ने संभाला पदभार, कानून व्यवस्था को मजबूत करने पर दिया जोर

**नीमच।** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने शुक्रवार को विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई व्यवस्था को प्राथमिकता देने की बात कही।पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी व्यास ने कहा कि आमजन की सुरक्षा और विश्वास पुलिस की पहली जिम्मेदारी है। अवैध गतिविधियों, नशा तस्करी एवं अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को जनता से संवेदनशील व्यवहार रखने और शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए।इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांधीसागर अभ्यारण्य में मिला 8 माह के तेंदुए का शव, पोस्टमार्टम के बाद हुआ अंतिम संस्कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर



जिले के गांधीसागर अभ्यारण्य क्षेत्र में एक तेंदुए की मृत्यु के बाद वन विभाग ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की गाइडलाइन के अनुसार कार्यवाही की। गुरुवार को नीमच-झालावाड़ मुख्य मार्ग के समीप वन भूमि कक्ष क्रमांक 1011, बीट चंबल नंबर-3 में तेंदुए का शव बरामद हुआ था। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र को सुरक्षित घेरे में ले लिया। मौत का कारण पता करने व साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वाड की मदद से क्षेत्र की छानबीन भी की गई। विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. आकाश वाल्मीक और डॉ. सुमित कुमार पटेल द्वारा मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम संपन्न किया गया। प्रारंभिक जांच में तेंदुए के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं, जिससे शिकार या अंगों की तस्करी जैसी आशंकाओं को प्राथमिक तौर पर खारिज किया गया है। डीएफओ संजय रायखेरे ने बताया कि मृत तेंदुआ शावक है जिसकी उम्र लगभग 6 से 8 माह के बीच है।

### चार्ज अधिकारियों द्वारा जनगणना कार्य का किया गया निरीक्षण

**रतलाम।** जनगणना कार्य निदेशालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक जिले में किया जा रहा है। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से संपादित किए जाने हेतु अधिकारियों द्वारा जिले में निरीक्षण किया जा रहा है। चार्ज अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर काम को देखा जा रहा है । निरीक्षण के दौरान चार्ज अधिकारियों ने प्रगणकों, सुपरवाइजर एवं फील्ड ट्रेनर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं नागरिकों को जनगणना के लिए प्रगणको को सही-सही जानकारी देने के लिए जागरूक किया।

## दिन- दुःखियों की सेवा करना ही परमार्थ का सबसे बड़ा उदाहरण

मनावर। मनुष्य का परिचय उसके कर्मों से होता है। अच्छे संस्कार अगर परिवार में रोपित किए हैं तो निश्चित ही इंसान परमात्मा के कर्मो मे लगा रहता है और लोगों को भी मार्गदर्शन देता रहता है। ऐसा ही एक उदाहरण जुनी मनावर के बद्रीलाल पाटीदार ( कराड )जो कि बसो मे यात्रियो को बैठाने का काम करते थे और निःशुल्क सेवा का काम करते थे। अचानक 22 अप्रैल को हार्ट अटैक से वे स्वर्ग लोक को चले गए तथा 3 मई 2026 को उनका अन्नदान एवं पगड़ी रस्म का कार्यक्रम समपन्न हुआ । उनके सुपुत्र सोनू ₹बोल बम ₹ के नाम से प्रसिद्ध है ।वह भी शुरू से ही पिताजी के साथ रहकर धार्मिक कार्यों में हमेशा संलग्न रहता था ।शाही सवारी हो या जगन्नाथ जी की यात्रा हो या कावड़ यात्रा हो वह हमेशा भोलेनाथ का रूप धारण कर श्रंगार कर झांकी के साथ नगर में प्रवेश करता था। मनावर से बालीपुर पदयात्रा हो, स्वयं भोले का रूप धारण कर भोलेनाथ की झांकी मे संवार होकर जाता था । मन में न लोभ, न मोह केवल प्रभु की शरण में अर्पित रहता था।

## देपालपुर उप डाकघर में 9 मई को आधार अपडेट विशेष अभियान

देपालपुर। आम नागरिकों को आधार सेवाएं एक ही स्थान पर सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप डाकघर देपालपुर में 9 मई को विशेष आधार नामांकन एवं अपडेट अभियान आयोजित किया जाएगा। यह अभियान सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होगा, जिसमें क्षेत्र के नागरिक अपने आधार कार्ड से संबंधित विभिन्न कार्य आसानी से करवा सकेंगे। अभियान के तहत नागरिक आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक अपडेट सहित अन्य आवश्यक संशोधन करवा सकेंगे। इससे लोगों को इधर-उधर भटकने की परेशानी से राहत मिलेगी और एक ही स्थान पर सभी जरूरी सेवाएं समय पर मिल सकेंगी। उप डाकघर प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस विशेष अभियान का लाभ लें और आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं, ताकि प्रक्रिया सरलता से पूरी की जा सके। उक्त जानकारी उप डाकपाल दीपक वर्मा द्वारा दी गई।

## कानूनी साक्षरता अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

सनावद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार कानूनी साक्षरता अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जहां सुश्री आकांक्षा गर्ग न्यायाधीश महोदया ने एवं श्री मो असलम दहलवी साहब न्यायाधीश महोदय ने कहा हर व्यक्ति को कानूनी अधिकार प्राप्त हैं आप इन्हें समझे कानूनी जागरूकता का मुख्य उद्देश्य हे कि आम जनता को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों और कानून के प्रति जागरूक करना है नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों, कानूनी कर्तव्यों और सरकारी कानूनी सहायता प्रणालियों के बारे में जागरूक करना है।

# एलाइनमेंट निरस्त होने के बाद रजिस्ट्री पर रोक, पंजीयन कार्यालय पर हंगामा कर धरना दिया

ब्रह्मास्त्र ›› जावरा



हुसैन टेकरी चौराहा से जोयो तिराहा तक प्रस्तावित एलाइनमेंट निरस्त होने के बावजूद रजिस्ट्रियां शुरू नहीं होने से गुरुवार को क्षेत्र के पीड़ित किसान और व्यापारियों का आक्रोश जमकर फूट पड़ा। जन संघर्ष समिति के नेतृत्व में उप पंजीयक कार्यालय पहुंचे और वहां जाकर जमकर प्रदर्शन किया। समिति का कहना था कि 14 जनवरी को कलेक्टर द्वारा एलाइन मेंट निरस्त किए जाने के चार महीने बाद भी प्रशासन के मौखिक आदेशों के आधार पर जमीनों की रजिस्ट्री रोक कर बैठा है ।

जन संघर्ष समिति एवं उपस्थित किसानों व व्यापारियों ने पंजीयक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए उप पजीयकं से पूछा की रजिस्ट्री बदं रखने का वर्तमान वेध आदेश कौन सा है तो वह कोई स्पष्ट लिखित जवाब नहीं दे सके ।इसे लेकर प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर मनमानी एवं तानाशाही पूर्ण रवैया का आरोप लगाया। प्रदर्शन बढ़ता देख एसडीएम सुनील जायसवाल भी मौके पर पहुंचे उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द रजिस्ट्रियां पुनः शुरू की जावेगी। एसडीएम के आश्वासन के बाद जन संघर्ष समिति ने फिलहाल धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया ।वहीं समिति ने प्रशासन को अंतिम चेतावनी भी दी है कि वह 27 मई तक रजिस्ट्री पर लगी रोक नहीं हटाई गई तो 28 मई को समस्त पीड़ित किसान एवं व्यापारी एसडीएम कार्यालय के बाहर महू नीमच फोर लेन जाम करने की चेतावनी दी इस दौरान कांग्रेस नेता डीपी धाकड़, सुनील पोखरना, राजेश भरावा, असलम मेव ,राजेश कोठारी, रंजीत सिंघल ,जीतू मालवीय ,यूसुफ पठान( सरपंच), गुड्डू पठान मुकेश धाकड़, जगदीश सोलंकी ,आकाश जाजोदिया, नंदकिशोर राठौर ,दिनेश सैनी, मोहम्मद हुसैन, जीवन सैनी आदि पीड़ित किसान एवं व्यापारी उपस्थित थे।



## वार्ड 6 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

**जावरा ।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में किए जा रहे विकास कार्यों के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 नारकोटिक्स ऑफिस के बाहर आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया ।नाली निर्माण कार्य का पर 4 लाख रूपए का व्यय होगा। उक्त नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अनम युसूफ कडपा ने किया । अतिथि नारकोटिक्स जिला अफीम अधिकारी आरके प्रसाद रहे। नारकोटिक्स अधीक्षक सबिया खान ,नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, जिला योजना समिति सदस्य मुस्तकीम मंसूरी ,विजय कोठारी ,नूरजहां कडपा आदि मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत स्वास्थ्य समिति सभापति यासमीन कबाडी ने किया।

### एसडीएम मंडलोई का नाव संचालकों पर एक्शन

# लाइफ जैकेट पहनाकर क्षमता से अधिक नहीं सवारियां बैठने के निर्देश दिए

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर

खरगोन जिले की महेश्वर तहसील में नर्मदा के सुरक्षित घाट एवं असुरक्षित स्थानों पर नाव संचालन का कार्य हो रहा है नाविकों द्वारा नाव में क्षमता से अधिक सवारिया बैठकर इस पार से उस पार बिना लाइफ जैकेट पहनाकर संचालन किया जा रहा था जिसकी भनक स्थानीय प्रशाशन को मिली ग्राम गोगांवा में नाव संचालन के दौरान सुरक्षा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही थी नाव संचालन का कार्य केवट समाज के नागरिकों द्वारा पुस्तैनी कार्य करता चला आ रहा है लेकिन भीषण गर्मी ओर पर्यटकों की तादात बढ़ते नाव संचालक क्षमता से अधिक यात्रियों और



छोटे वाहनों को नाव में बैठाकर उत्तर से दक्षिण दिशा में पार पहुंचाया जाता है ग्राम गोगांव से सामने छोर प्रसिद्ध सियाराम बाबा समाधि स्थल पर नाव में यात्रियों को बिना लाइफ जैकेट के नर्मदा नदी पार कराई जा रही है जिसमें एक ही नाव में लगभग 10 महिलाएं, 10 पुरुष, 5 से 8 मोटरसाइकिलें और महिलाओं की गोद में छोटे-छोटे मासूम बच्चों मौजूद रहे जिसको लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पूर्वा मंडलोई को इसकी भनक लगते ही तुरंत एक्शन लेते प्रशासनिक टीम को भेजते नाव संचालकों को हिदायत दी क्षमता से अधिक यात्रियों को नहीं बैठाये तथा यात्रियों को लाइफ जैकेट पहनाकर नाव में बैठकर संचालित करे ।

यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश दिए किसी प्रकार नाविक क्षमता से अधिक यात्री नहीं बैठाए तथा लाइफ जैकेट पहनाकर नाव का संचालक करे अन्यथा कार्यवाही की जाएगी ।

**पूर्वा मंडलोई एसडीएम मंडलेश्वर**

# बुरहानपुर प्रवास के बाद भोपाल में वस्त्र उद्योग को मिला विशेष ध्यान- चिटनिस

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बुरहानपुर प्रवास के बाद भोपाल में वस्त्र उद्योग क्षेत्र को लेकर तैयार की गई राज्य स्तरीय कार्ययोजना में बुरहानपुर एवं खरगोन को विशेष ध्यान दिए जाने पर विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस ने इसे निमाड़ क्षेत्र के औद्योगिक भविष्य में ऐतिहासिक परिवर्तन बताया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुरहानपुर प्रवास केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह उद्योगपतियों, उद्यमियों और स्थानीय हितधारकों से सीधा संवाद स्थापित कर क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं, समस्याओं और संभावनाओं को समझने का गंभीर प्रयास था। उसी संवाद और जमीनी समझ



का परिणाम है कि भोपाल में तैयार वस्त्र निर्यात रणनीति में बुरहानपुर और खरगोन को विशेष महत्व के साथ शामिल किया गया है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक पांच अरब अमेरिकी डॉलर के वस्त्र निर्यात लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जो व्यापक कार्ययोजना तैयार की है, वह केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश के औद्योगिक भविष्य का स्पष्ट मार्गदर्शन है। इस रणनीति में बुरहानपुर को आकांक्षी जिला और खरगोन को चैंपियन जिला के रूप में विकसित करने का निर्णय निमाड़ क्षेत्र की औद्योगिक क्षमता पर सरकार के विश्वास को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर और निमाड़ क्षेत्र सदियों से कपास, वस्त्र और हस्तशिल्प की समृद्ध परंपरा के लिए जाना जाता है। यहां की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था, विशेषकर कपास उत्पादन, वस्त्र उद्योग की मजबूत नींव प्रदान करती है।



## ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा लालखेड़ा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बुरहानपुर।** मध्य भारत के मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज वेल बुरहानपुर द्वारा ग्राम लालखेड़ा, तहसील भिकनगांव, जिला खरगोन में 8 मई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. अकरम खान (जनरल फिजिशियन) द्वारा मरीजों की संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। डॉ. खान ने सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में एवं डॉ. रामस्वरूप पटेल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

# न्यायिक परिवार खरगोन के अमृत कंठ अभियान को मिला व्यापक सहयोग

ब्रह्मास्त्र ›› खरगोन

न्यायिक परिवार खरगोन द्वारा संचालित अमृत कंठ अभियान के अंतर्गत भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल बेजुबान पक्षियों के लिए जल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में माननीय न्यायाधीश गण एवं अभिभाषक संघ द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग की घोषणा की गई ।माननीय न्यायाधीशगण की ओर से 100 सकोरे तथा अभि भाषक संघ की ओर से 100 सकोरे प्रदान करने की घोषणा की गई। इस प्रकार न्यायिक परिवार खरगोन के इस जनसरोकार से जुड़े अभियान के अंतर्गत कुल 200 सकोरों का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं जिला न्यायाधीश श्री राजकुमार




यादव, जिला न्यायाधीश श्री मुकेश नाथ, कैलाश प्रसाद मरकाम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री गिरीश शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री पवन बिल्लौरे सहित अधिवक्त ागण एवं न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमृत कंठ अभियान के प्रमुख श्री राकेश वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि न्यायिक परिवार खरगोन द्वारा संचालित यह पहल केवल सकोरों के वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जीवों एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रयास है। अभियान के माध्यम से लोगों को अपने घरों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

## सदभावना मंच में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को किया नमन

**खंडवा।** कवि और दार्शनिक गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय (एशिया के पहले) व्यक्ति बने। उन्होंने भारत का राष्ट्रगान जन गण मन और बांग्लादेश का आमार सोनार बांग्ला रचा। उन्हें 'गुरुदेव' के नाम से जाना जाता है वे एक महान कवि, चित्रकार, कलाकार और शिक्षाविद् थे। आज के दिन लोग उनके साहित्य, दर्शन और कला में योगदान को याद करते हैं। यह बात सदभावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के मौके पर उपस्थित सदस्यों को कही। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस दौरान सद्भावना मंच संस्थापक पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ. जगदीशचन्द्र चौरे उपस्थित थे।



## सलमान ने कहा- मेरे बिना 'राजा शिवाजी' नहीं बनाओगे

### रितेश देशमुख बोले- किसी एक्टर ने फीस नहीं ली, अभिषेक ने सिर्फ मां के हाथ का ठेचा मांगा

रितेश देशमुख इन दिनों अपनी फिल्म 'राजा शिवाजी' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज की शौर्य गाथा है, जिसे रितेश ने बतौर एक्टर, राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर पर्दे पर उतारा है। बातचीत में रितेश ने फिल्म से जुड़े कई इमोशनल किस्से शेयर किए और एक पिता, एक बेटे व एक फिल्ममेकर के तौर पर अपनी भावनाएं सामने रखीं। उन्होंने सबसे बड़ा खुलासा कास्ट की फीस को लेकर किया। रितेश ने बताया कि सलमान खान, अभिषेक बच्चन और विद्या बालन जैसे बड़े सितारों ने इस ऐतिहासिक फिल्म के लिए एक भी रुपया नहीं लिया। अभिषेक ने तो फीस की जगह रितेश की मां के हाथ का बना 'ठेचा' (महाराष्ट्रीयन डिश) मांगा। रितेश ने अपने 10 साल के संघर्ष, पिता विलासराव देशमुख की दी गई सीख और खुद पर लगे कॉमेडी एक्टर का टैग तोड़ने पर भी खुलकर बात की।

हां, यह बिल्कुल सच है। हम एक मराठी फिल्म को बड़े स्तर पर बनाने की कोशिश कर रहे थे। जब मैंने अभिषेक बच्चन को कहानी सुनाई और बताया कि मैं इसे डायरेक्ट कर रहा हूं और यह छत्रपति शिवाजी महाराज पर है, तो उन्होंने कहा- मुझे पैसे नहीं चाहिए, मुझे बस तुम्हारी मां के हाथ का बना ठेचा चाहिए। विद्या बालन, बोमन ईरानी, फरदीन खान किसी ने भी पैसे नहीं लिए। यहां तक कि जेनेलिया और मैंने भी एक्टिंग, डायरेक्शन या प्रोडक्शन की कोई फीस चार्ज नहीं की। सबने यह फिल्म महाराज छत्रपति शिवाजी के प्रति सम्मान और आस्था के चलते की है।

# पुष्पा फॉर्मूला दोहराएंगे अल्लू

## राका में किरदार ही बनेगा फिल्म की पहचान, नई यूनिवर्स की शुरूआत साबित हो सकती है फिल्म




अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा और पुष्पा 2: द रूल ने जिस तरह देशभर में रिकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल की, उसके बाद अब उनकी अगली फिल्म राका को लेकर भी जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई है। खास बात यह है कि इस बार भी फिल्म का टाइटल सीधे अल्लू अर्जुन के किरदार के नाम पर रखा गया है। इंडस्ट्री में इसे एक सोची-समझी रणनीति माना जा रहा है, जहां स्टार की स्क्रीन इमेज को ही फिल्म की सबसे बड़ी ब्रांडिंग बनाया जा रहा है। निर्देशक एटली की इस मेगा बजट फिल्म में दीपिका पादुकोण भी अहम भूमिका में नजर आएंगी।



सूत्रों के मुताबिक, पुष्पा की सफलता के बाद मेकर्स ने यह समझ लिया कि अल्लू के किरदार सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं रहते, बल्कि खुद एक कल्ट पहचान बन जाते हैं। यही वजह है कि राका में भी किरदार के नाम को ही फिल्म का टाइटल बनाया गया है, ताकि दर्शकों के बीच सीधा कनेक्शन तैयार हो सके।

ट्रेड एक्सपर्ट्स मान रहे हैं कि राका सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक नई सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरूआत साबित हो सकती है। वहीं एटली और अल्लू की जोड़ी को दक्षिण और हिंदी में बड़े गेम चेंजर साबित होगी।



## अल्लू अर्जुन की पत्नी पीड़ित परिवार से मिलीं

### पुष्पा 2 के प्रीमियर में भगदड़ में घायल बच्चे के इलाज और पढ़ाई में मदद का भरोसा दिया

फिल्म पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ में घायल हुए बच्चे के परिवार से हाल ही में अल्लू अर्जुन के पिता और पत्नी ने मुलाकात की। अल्लू अरविंद और स्नेहा रेड्डी घायल बच्चे श्रीतेज के घर पहुंचे। अल्लू अरविंद और स्नेहा ने श्रीतेज की हेल्थ को लेकर जानकारी ली, परिवार के साथ समय बिताया और इलाज के दौरान हर संभव मदद जारी रखने का भरोसा दिया।

मुलाकात के दौरान अल्लू अरविंद ने श्रीतेज की छोटी बहन की पढ़ाई का खर्च उठाने का भी वादा किया। अल्लू अर्जुन का परिवार और फिल्म पुष्पा 2 से जुड़ा प्रोडक्शन बैनर हादसे के बाद से ही श्रीतेज के इलाज का खर्च उठा रहा है। रिहैबिलिटेशन और लंबे इलाज के दौरान यह सहायता अब भी जारी है।

**2 करोड़ रुपए की मदद की थी–** प्रोड्यूसर दिल राजू ने बताया था कि परिवार की मदद के लिए 2 करोड़ जमा किए गए थे। अल्लू अर्जुन ने 1 करोड़ दिए, जबकि डायरेक्टर सुकुमार और फिल्म के प्रोड्यूसर्स में से हर एक ने 50 लाख दिए थे।

**भगदड़ में मां की मौत, बेटा घायल–** 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद के संध्या थिएटर में फिल्म पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान 9 साल के श्रीतेज गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनकी मां रेवती की मौत हो गई थी। श्रीतेज को गंभीर हालत में अस्पताल के इमरजेंसी डिपार्टमेंट में भर्ती कराया गया था। लंबे समय तक वह बेहोश रहे और बाद में उन्हें सांस लेने में दिक्कत और गंभीर न्यूरोलॉजिकल दिक्कतें हुईं, जिसके कारण कई हफ्तों तक वेंटिलेटर सपोर्ट देना पड़ा। करीब पांच महीने तक आईसीयू में रहने के बाद अप्रैल 2025 में श्रीतेज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इसके बाद उन्हें आगे के न्यूरोलॉजिकल इलाज के लिए रामगोपालपेट के एक रिहैबिलिटेशन सेंटर में शिफ्ट किया गया। इससे पहले 2025 में उनके पिता मोगडमपल्ली भास्कर ने टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ बातचीत में कहा था, श्रीतेज की हेल्थ में अभी बहुत कम सुधार हुआ है।

# 'उरी' एक्ट्रेस रीवा अरोड़ा से बदसलूकी, डिलीवरी बॉय ने घर पर दीं गालियां

'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' फेम एक्ट्रेस रीवा अरोड़ा ने अपने साथ हुई एक डरावनी घटना का खुलासा किया है। रीवा ने बताया कि 10 दिन पहले एक ऑनलाइन डिलीवरी एजेंट ने उनके और उनके परिवार के साथ बदतमीजी की और गालियां दीं।

मामला इतना बढ़ गया कि बीच-बचाव के लिए मुंबई पुलिस को बुलाना पड़ा। एक्ट्रेस ने अब इस पूरी घटना को सार्वजनिक करते हुए कंपनी की जवाबदेही पर सवाल उठाए हैं। डोरस्टेप से शुरू हुआ विवाद यह घटना 26 अप्रैल की दोपहर करीब 3:30 बजे की है। रीवा के मुताबिक, जब ब्लिंकिट का डिलीवरी एजेंट ऑर्डर लेकर पहुंचा, तो शुरूआत से ही उसका व्यवहार ठीक नहीं था। रीवा ने बताया, उसका टोन काफी रूड और अनुचित था। जब मैंने जवाब दिया, तो स्थिति और खराब हो गई। मेरी मां (निशा अरोड़ा) ने दखल दिया और शांति से मामले को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन डिलीवरी एजेंट लगातार बदतमीजी करता रहा। गालियां दीं, बिना उकसावे के किया दुर्व्यवहार रीवा ने आरोप लगाया कि डिलीवरी एजेंट का गुस्सा घर के दरवाजे पर ही शांत नहीं हुआ। जब वह वहां से जा रहा था, तब लिफ्ट में रीवा की बहन को वह दोबारा मिला। रीवा ने बताया, मना करने के बावजूद वह लगातार गंदी और भद्दी भाषा का इस्तेमाल कर रहा था।

**मामला बढ़ने पर बुलानी पड़ी पुलिस**

**ब्लिंकिट से भी की शिकायत**



हमें लगा कि उसने हद पार कर दी है। बिना किसी उकसावे के हमारे प्रति अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। यह सिर्फ एक बार की बात नहीं थी, वह बार-बार ऐसा ही बोल रहा था। पुलिस ने लिया एक्शन जब एजेंट ने परिसर छोड़ने की कोशिश की, तो रीवा और उनका परिवार उसके पीछे नीचे तक गया और उसे जाने से रोका। रीवा ने तुरंत मुंबई पुलिस को फोन किया। एक्ट्रेस ने पुलिस की तारीफ करते हुए कहा, ह्लपुलिस ने बहुत तेजी से रिस्पॉन्स दिया और तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। उस वक्त मामले को पुलिस ने संभाल लिया था और अब यह कानूनी माध्यमों से आगे बढ़ रहा है। इन बड़ी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं रीवा रीवा अरोड़ा ने विक्की कौशल की फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में अपनी एक्टिंग से पहचान बनाई थी। इसके अलावा वह सलमान खान की 'भारत' और जान्हवी कपूर की 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' जैसी बड़ी फिल्मों में भी अहम भूमिकाएं निभा चुकी हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग है।





### राजस्थान, गुजरात के पास टॉप-3 में आने का मौका आज

# आईपीएल : दिल्ली प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली







दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2026 में 7वीं हार मिली। शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने उसे 8 विकेट से हराया। इस हार से दिल्ली प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर हो गई है। दूसरी ओर कोलकाता ने अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं।

अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 142 रन बनाए। कोलकाता ने 143 रन का टारगेट 14.2 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। फिन एलन ने नाबाद 100 रन बनाए।

आईपीएल 2026 में कोलकाता ने लगातार चौथी जीत हासिल की। कैपिटल्स को सीजन में सातवीं हार मिली है।

कोलकाता के 10 मैचों में 9 अंक हैं। टीम ने 4 मैच जीते और 5 गंवाए हैं। टीम की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद कायम है। हालांकि, उसे बाकी सभी मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। साथ ही अन्य टीमों के प्रदर्शन पर भी निर्भर रहना होगा। दिल्ली 11 में से सिर्फ 4 मैच जीत सकी है। टीम के पास 8 अंक हैं और अब वह अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकती है। पिछले चार आईपीएल सीजन में सिर्फ एक बार कोई टीम 14 अंक लेकर प्लेऑफ में पहुंची है। ऐसा 2024 सीजन में हुआ था। 2022, 2023 और 2025 में चौथे प्लेऑफ की सभी टीमों ने कम से कम 16 पॉइंट्स हासिल किए थे।

**आज के मैच का हाल-** राजस्थान के पास टॉप-4 की रेस में मजबूत पकड़ बनाने का मौका राजस्थान रॉयल्स ने 10 मैचों में 12 पॉइंट्स हासिल किए हैं। टीम के लिए अब हर मुकाबला करो या मरो जैसा है। प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए उसे बाकी चार में से कम से कम 3 मैच जीतने होंगे। गुजरात के खिलाफ जीत से टीम की टॉप-4 की उम्मीद मजबूत होगी। हार मिलने पर राह मुश्किल हो सकती है। गुजरात को प्लेऑफ की उम्मीद बचाने के लिए जीत जरूरी गुजरात टाइटंस के 10 मैचों में 12 अंक हैं। टीम के लिए बाकी चार मैच प्लेऑफ के लिहाज से अहम हैं। राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद, कोलकाता नाइटराइडर्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ ज्यादातर मैच जीतने पर उसका टॉप-4 में पहुंचना लगभग तय हो सकता है। हार मिलने पर नेट रनरेट भी अहम रहेगा।

**टूर्नामेंट के टॉप प्लेयर्स-** ऑरेंज कैप के टॉप-3 पोजिशन में कोई बदलाव नहीं सीजन के 51 मैचों के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासन 11 मैचों में 494 रन बनाकर ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड में टॉप पर हैं। उनके साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा 475 रन के साथ दूसरे और दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 468 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

पर्पल कैप की रेस में भुवनेश्वर-अंशुल के 17-17 विकेट दिल्ली-कोलकाता मैच के बाद पर्पल कैप के टॉप-3 में कोई बदलाव नहीं हुआ। हालांकि रेस रोमांचक बनी हुई है। भुवनेश्वर कुमार 10 मैचों में 17 विकेट के साथ टॉप पर हैं। अंशुल कंबोज ने भी 10 मैचों में 17 विकेट लिए हैं, लेकिन बेहतर इकोनॉमी के कारण भुवनेश्वर आगे हैं। तीसरे नंबर पर प्रिंस यादव हैं।

## केएल राहुल तीन टीमों से 1000+ रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

आईपीएल में शुक्रवार को कोलकाता नाइटराइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। केएल राहुल ने तीन अलग-अलग टीमों के लिए 1000+ रन पूरे कर इतिहास रचा। उनके आईपीएल में 500 चौके भी पूरे हुए। दूसरी ओर कैमरन ग्रीन के 94 मीटर लंबे छक्के से बॉल गुम हो गई।

केएल राहुल के दिल्ली के लिए एक हजार रन पूरे विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए 1,000 रन पूरे किए। राहुल आईपीएल इतिहास में 3 टीमों से 1,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने। मैच में वे 14 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए।

**केएल राहुल के 500 आईपीएल चौके पूरे-** केएल राहुल ने कोलकाता के खिलाफ चार चौके लगाए और आईपीएल में 500 चौके पूरे किए। आईपीएल में सबसे ज्यादा 813 चौके विराट कोहली ने लगाए हैं। शिखर धवन 768 चौकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। डेविड वॉर्नर ने 663 और रोहित शर्मा ने 659 चौके लगाए हैं। अजिंक्य रहाणे 526 चौकों के साथ पांचवें और सुरेश रैना 506 चौकों के साथ छठे स्थान पर हैं। राहुल 500 चौकों के साथ सातवें स्थान पर हैं।

**एलन ने कोलकाता के लिए सबसे तेज शतक लगाया-** दिल्ली के खिलाफ कोलकाता के ओपनर फिन एलन ने 47 गेंदों में शतक लगाया। वे कोलकाता के लिए सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। यह उनके आईपीएल करियर का पहला शतक रहा। वे कोलकाता के लिए आईपीएल में शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









## आईएमएफ ने पाकिस्तान को दी राहत

# 11 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज मंजूर, विदेशी मुद्रा भंडार को मिलेगा सहारा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

आईएमएफ की 1.2 अरब डॉलर यानी 11,322.25 करोड़ रुपये की इस मदद से पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 17 अरब डॉलर के पार हो जाएगा। हालांकि, कर्ज की इन किश्तों के बदले जनता पर टैक्स और महंगाई का बोझ बढ़ना तय है क्योंकि सरकार ने बजट को सख्त रखने का वादा किया है।

आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से एक बड़ी खुशखबरी आई है। शुक्रवार को आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने पाकिस्तान के लिए 1.2 अरब डॉलर यानी 11,322.25 करोड़ रुपये के कर्ज की मंजूरी दे दी है। यह राशि दो अलग-अलग वित्तीय कार्यक्रमों के तहत जारी की जा रही है। इस फैसले से पाकिस्तान की डूबती अर्थव्यवस्था को फिलहाल संजीवनी मिलने की उम्मीद है।

**ईएफएफ और आरएसएफ के तहत मिला फंड-** सितंबर 2024 में आईएमएफ पाकिस्तान को 37 महीनों के लिए 'एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी' (ईएफएफ) के तहत 7 अरब डॉलर यानी 66,047.03 करोड़ रुपये देने पर सहमत हुआ था। ताजा मंजूरी के अनुसार, ईएफएफ के तहत पाकिस्तान को लगभग 1 अरब डॉलर यानी 9,435.29 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, जलवायु संकट से निपटने के लिए 'रिजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी फैसिलिटी' (आरएसएफ) के तहत 21 करोड़ डॉलर दिए जाएंगे। अब तक पाकिस्तान कुल 8.4 अरब डॉलर (79,256.44 करोड़ रुपये ) के दो ऋण पैकेजों में से 4.5 अरब डॉलर यानी 42,458.81 करोड़ रुपये प्राप्त कर चुका है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने बताया कि यह राशि अगले हफ्ते की शुरुआत में जारी कर दी जाएगी, जिससे केंद्रीय बैंक का रिजर्व 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा।

## पश्चिम एशिया संकट से निपटने के लिए संजीवनी : ईसीएलजीएस 5.0 का रोडमैप तैयार

# एसबीआई बांटेगा 80000 करोड़ तक का लोन




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित कारोबारों के लिए सरकार की एउछत्र्र 5.0 योजना को मंजूरी। जानें एसबीआई द्वारा 80,000 करोड़ रुपये तक के लोन वितरण और एमएसएमई पर इसके असर का पूरा विश्लेषण। इस खबर को अभी पढ़ें।

पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव से प्रभावित भारतीय कारोबारों को राहत देने के लिए सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 2.55 लाख करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी है। इस दिशा में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मोर्चा संभालते हुए अपने ग्राहकों को 80,000 करोड़ रुपये तक का अतिरिक्त वर्किंग कैपिटल लोन देने की रूपरेखा तैयार कर ली है।

**एसबीआई की तैयारी और 1.1 करोड़ लाभार्थियों का अनुमान-** एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने जानकारी दी है कि बैंक के पास पात्र ग्राहकों का डेटाबेस पहले से ही मौजूद है। गाइडलाइंस जारी होने के बाद, बैंक के ग्राहकों के लिए 70,000 से 80,000 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा उपलब्ध है। शेट्टी ने इस योजना को एक सक्रिय उपाय बताते हुए कहा कि तकनीकी रूप से यह सुविधा सभी के लिए उपलब्ध है, भले ही हर कोई इसका लाभ न ले। एसबीआई के एक व्यापक आकलन के अनुसार, पूरे बैंकिंग सिस्टम में 1.1 करोड़ से अधिक लाभार्थी इस योजना का लाभ उठाने की क्षमता रखते हैं।

**डिजिटल प्रक्रिया और कार्यान्वयन-** योजना को तेजी से लागू करने के लिए जन समर्थ पोर्टल के माध्यम से डिजिटल प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। एसबीआई चेयरमैन को उम्मीद है कि बोर्ड की मंजूरी और अन्य परिचालन संबंधी मुद्दों को अगले 8-10 दिनों में पूरी तरह से सुलझा लिया जाएगा। सचिव नागराजू ने यह भी स्पष्ट किया कि योजना का कुल आकार बैंकों के मौजूदा जोखिम और प्रभावित सेक्टर्स की संभावित मांग के आधार पर ही निर्धारित किया गया है।

कोविड-19 महामारी के दौरान लॉन्च किए गए पिछले ईसीएलजीएस संस्करणों का ट्रैक रिकॉर्ड काफी सकारात्मक रहा था। एसबीआई चेयरमैन ने बताया कि उस दौरान इस योजना के तहत डिफॉल्ट दर, औसत एमएसएमई डिफॉल्ट दर की तुलना में कम दर्ज की गई थी। वर्तमान भू-राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए, ईसीएलजीएस 5.0 का यह नया चरण भारतीय कारोबारों और एमएसएमई सेक्टर को मजबूत लिक्विडिटी देकर वैश्विक सप्लाई चेन के झटकों से बचाने में एक अहम भूमिका निभाएगा।

### सेक्टरल इम्पैक्ट और नए नियमः किसे मिलेगा फायदा?

पश्चिम एशिया संकट का असर कई उद्योगों पर देखा जा रहा है, जिससे निपटने के लिए योजना का नया ढांचा तैयार किया गया है:

- **एमएसएमई और नॉन-एमएसएमईः** योजना के तहत सभी एमएसएमई पात्र माने गए हैं। बाकी बची हुई राशि एमएसएमई और संकट से प्रभावित गैर-एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगी।
- **एविएशन सेक्टर को विशेष राहतः** एयरलाइंस कंपनियों के लिए 5,000 करोड़ रुपये का एक अलग आवंटन किया गया है। चूंकि इस सेक्टर के उबरने में लंबा समय लगता है, इसलिए इनके लिए लोन चुकाने की अवधि 7 साल तय की गई है।
- **लोन चुकाने की बढ़ी अवधिः** वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू के अनुसार, अन्य सामान्य व्यवसायों के लिए लोन की अवधि को चार साल से बढ़ाकर 5 साल कर दिया गया है।
- **इन सेक्टर्स को नहीं मिलेगा लोनः** बिजली, टेलीकॉम, चीनी और शैक्षणिक संस्थानों जैसे कुछ गैर-एमएसएमई सेक्टर्स को इस योजना से बाहर रखा गया है, क्योंकि इन्हें पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव से अपेक्षाकृत सुरक्षित माना गया है।

## डॉलर के दबदबे को चुनौती

### चीनी युआन के बढ़ते प्रभाव ने बढ़ाई अमेरिका की चिंता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में चीन की करेंसी युआन का बढ़ता दबदबा अमेरिका को परेशान कर रहा है। अब अमेरिकी सांसदों ने सीनेट में एक प्रस्ताव पेश कर ट्रंप सरकार को चेतावनी दी है। अमेरिकी सीनेटरों के एक समूह ने अमेरिकी डॉलर को दुनिया की रिजर्व करेंसी का दर्जा देने के लिए एक प्रस्ताव फिर से पेश किया है। सीनेटरों ने चेतावनी दी है कि चीन, युआन के आस-पास एक दूसरी वैश्विक वित्तीय व्यवस्था बनाने की कोशिशें तेज कर रहा है। अमेरिकी सीनेटर्स के इस समूह में दोनों दलों के सांसद शामिल हैं। टेड बड और जीन शाहीन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि युआन को अंतरराष्ट्रीय बनाने की बीजिंग की कोशिश से अमेरिका और उसके साथियों के लिए आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा का खतरा है।

पश्चिम रेलवे-रतलाम संभाग
वाणिज्यिक शाखा - ई-निलाम सूचना
वरिष्ठविभागीय वाणिज्यिकप्रबन्धकः - रतलामप्रभागः - पश्चिमरेलवे इत्यनेन गैरभाडाराजस्वस्य (NFR) माध्यमेन ई-निलामस्य आमन्त्रणं कृतम् अस्ति। सूचीपत्रं (www.ireps.gov.in) इत्यस्य (e-Auction Leasing) इत्यत्र प्रकाशितम् अस्ति, विवरणं निम्नलिखितम् अस्ति। स.सं. 1 - नीलामी सूची नं. एमएसएस-आरटीएम-2026-07. अनुबन्धप्रकारः : १. विविध-स्थिर-सेवाएँ। लॉट क्रमांक: MSS-RTM-MGN-BOXNWC-81-26-1(विविध-स्थिर-सेवाएँ - BOXN वैगन सफाई)। अनुबन्ध अवधिः 05 वर्ष। ई-निलाम तिथि: 20.05.2026. समयः प्रातः ११:०० वादने। स.सं. २- ९. नीलामी सूची संख्या: एडीवीटी-आरडीएन-26-08। अनुबन्ध प्रकार : विज्ञापन। लॉट सं. ADVT-RTM-UJN-OSD-168-26-1 (विज्ञापन ऑन स्टेशन परिसर (डिजिटल))। - अनुबन्ध अवधिः 05 वर्ष। ई-निलाम तिथि: 21.05.2026. समयः प्रातः ११:०० वादने। प्रारम्भिकशीतलनकालः ३० निमेषाः भवति । क्रमिक-लोट्-समापनस्य अन्तरालः १० निमेषाः भवति । Lotwise समापनसमयः IREPS इत्यस्य e-Auction मॉड्यूले द्रष्टुं शक्यते ।
CRY/IND/39
अस्मान् इव: facebook.com/WesternRly इत्यत्र

## वैश्विक युद्ध, महंगाई और सप्लाई चेन संकट के बीच

# भारत की 6.6% की वृद्धि दर बड़ी उपलब्धि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक युद्ध, महंगाई और सप्लाई चेन संकट के बीच भारत की 6.6% जीडीपी ग्रोथ को अमिताभ कांत ने बड़ी उपलब्धि बताया। जानिए ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और अर्थव्यवस्था पर उनका पूरा बयान।

नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा है कि मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की 6.6% जीडीपी वृद्धि दर एक मजबूत उपलब्धि है। उनका कहना है कि दुनिया इस समय युद्ध, बढ़ती तेल कीमतों, टूटती सप्लाई चेन और संरक्षणवाद जैसी समस्याओं से जूझ रही है, फिर भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। भारत की सोच कार्यक्रम के दौरान बातचीत में अमिताभ कांत ने कहा कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां असाधारण हैं और ऐसे समय में 6.6% ग्रोथ हासिल करना भारत की आर्थिक मजबूती को दर्शाता है।



वैश्विक हालात से बढ़ी अनिश्चितता

कांत ने कहा कि दुनिया में इस समय बड़े स्तर पर संघर्ष चल रहे हैं। कई देशों में युद्ध की स्थिति है, जिससे वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। इसके अलावा टैरिफ और संरक्षणवादी नीतियों के कारण अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अनिश्चितता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में जो संरचनात्मक सुधार और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश किए हैं, उनका फायदा आने वाले दशकों में मिलेगा। उनका मानना है कि हालात सामान्य होने पर भारत की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।

**ऊर्जा सुरक्षा पर बढ़ाना होगा फोकस-** अमिताभ कांत ने कहा कि भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से काम करना होगा। इसके लिए नवीकरणीय ऊर्जा, बिजली भंडारण और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर बड़े स्तर पर निवेश की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि देश को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ऑफशोर विंड और कंस्ट्रेटेड सोलर पावर जैसे क्षेत्रों में मिशन मोड में काम करना चाहिए। साथ ही बिजली और ईवी सेक्टर के लिए स्टोरेज क्षमता बढ़ाना भी जरूरी है।

### तेल कीमतों से महंगाई पर दबाव

कांत ने माना कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का असर भारत पर पड़ रहा है क्योंकि देश बड़ी मात्रा में जीवाश्म ईंधन आयात करता है। हालांकि उन्होंने कहा कि सरकार ने उपभोक्ताओं पर पूरा बोझ डालने के बजाय इन झटकों को खुद संभालने का फैसला किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पश्चिम एशिया में शांति बहाल होने और युद्ध खत्म होने पर तेल कीमतों में गिरावट आएगी, जिससे महंगाई का दबाव भी कम होगा। अमिताभ कांत ने कहा कि भारत को सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल प्रोसेसिंग और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने सेमीकंडक्टर पीएलआई योजना को सबसे परिवर्तनकारी योजनाओं में से एक बताया। कांत के मुताबिक, भारत में 12 कंपनियां सेमीकंडक्टर निर्माण की दिशा में काम कर रही हैं, जो रक्षा, ऑटोमोबाइल और टेक्नोलॉजी सेक्टर के लिए अहम साबित होगा।

## एसबीआई का मार्च तिमाही में

# मुनाफा 6% बढ़ा, शुद्ध लाभ 19,684 करोड़ रुपये के पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी कर दिए हैं। फाइलिंग के अनुसार बैंक का शुद्ध लाभ 6 प्रतिशत बढ़कर 19,684 करोड़ रुपये हो गया है, पूरी जानकारी के लिए पढ़ें।

भारतीय स्टेट बैंक की हालिया फाइलिंग के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने नवीनतम वित्तीय परिणामों की घोषणा करते हुए मुनाफे में वृद्धि दर्ज की है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, एसबीआई के मार्च तिमाही के शुद्ध लाभ में छह प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस वृद्धि के परिणामस्वरूप, बैंक का कुल शुद्ध लाभ अब बढ़कर 19,684 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

**चौथी तिमाही के नतीजों के बाद एसबीआई के शेयरों में करीब 7 प्रतिशत की गिरावट आई-** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के शेयरों में शुक्रवार को करीब 7 प्रतिशत की गिरावट आई, क्योंकि कंपनी के मार्च तिमाही के नतीजों से निवेशकों में उत्साह नहीं जागा। बीएसई पर शेयर 6.62 प्रतिशत गिरकर 1,019.55 रुपये पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 7.37 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 1,011.30 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 6.65 प्रतिशत गिरकर 1,019.30 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 66,691.2 करोड़ रुपये घटकर 9,41,107.62 करोड़ रुपये हो गया।

**बैंक ऑफ बड़ौदा का मुनाफा 11 फीसदी बढ़ा-** चौथी तिमाही में बैंक ऑफ बड़ौदा का मुनाफा 11 प्रतिशत बढ़कर 5,616 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने शुक्रवार को मार्च तिमाही के दौरान अपने मुनाफे में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 5,616 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। सरकारी स्वामित्व वाले इस ऋणदाता ने पिछले वर्ष की इसी अवधि में 5,048 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। बैंक ने एक नियामक फाइलिंग में बताया कि इस तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय एक साल पहले के 35,852 करोड़ रुपये से बढ़कर 36,609 करोड़ रुपये हो गई है।

## देश में 70 साल में 20 लाख अपहरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में अपहरण और जबरन उठा ले जाने की घटनाएं पिछले एक दशक में अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हैं। हाल ही में भोपाल में एक आईएएस एकेडमी की निदेशक के अपहरण और 1.89 करोड़ रुपए की फिरौती के मामले ने देश में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वर्ष 1953 से 2024 के बीच देश में कुल 20 लाख से अधिक ऐसे मामले दर्ज किए गए। चौंकाने वाला तथ्य यह है कि इन सात दशकों के कुल मामलों का 54% हिस्सा (11.24 लाख केस) केवल पिछले 11 वर्षों (2013-2024) में दर्ज हुआ है।

### फिरौती के लिए अपहरण केवल 0.7% ही

आंकड़ों के अनुसार, कुल अपराधों में अपहरण की हिस्सेदारी 1953-62 में 1.01% थी, जो 2013-24 के दौरान बढ़कर 3.04% तक पहुंच गई है। अपहरण के पीछे सबसे बड़ा कारणों में विवाह के लिए महिलाओं का उठाना और सामान्य अपहरण है।

फिरौती के लिए किए जाने वाले संगठित अपहरण कुल मामलों का केवल 0.7% ही हैं। राज्यों की तुलना करें तो उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बाद बिहार तीसरे स्थान पर रहा करता था, लेकिन 2024 के आंकड़ों में बिहार शीर्ष छह राज्यों में सबसे नीचे दर्ज किया गया है।

### साइबर अपराधों में अश्लील कंटेंट, 90% बच्चों के खिलाफ

भारत में बच्चों के खिलाफ दर्ज साइबर अपराधों में करीब 10 में 9 मामलों में बच्चों से जुड़ा यौन रूप से अश्लील कंटेंट पब्लिश या ट्रांसमिट करने की बात सामने आई है।

एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल अपराध घटने के बावजूद बच्चों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। 2024 में बच्चों के खिलाफ अपराध के 1,87,702 मामले दर्ज हुए। यह जो 2023 के 1,77,335 मामलों से 5.8% ज्यादा हैं।


### सुवेंदु आज बंगाल सीएम की शपथ लेंगे, पीएम मौजूद रहेंगे

# कोलकाता परेड ग्राउंड में 1 लाख लोग आएंगे; वॉटरप्रूफ टेंट, झालमुड़ी स्टॉल; सुरक्षा में 4000 जवान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुवेंदु अधिकारी आज दोपहर 11 बजे पश्चिम बंगाल के सीएम पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। समारोह में ढट मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत ठऊ्र के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

शुक्रवार को कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में सुवेंदु को नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया। इसके बाद सुवेंदु लोकभवन में राज्यपाल से मिले और सरकार बनाने का दावा पेश किया। कोलकाता के जिस ग्राउंड में शपथ समारोह होगा। उसमें वॉटरप्रूफ टेंट लगेंगे, इसके अलावा मैदान में झालमुड़ी और रसगुल्ला का स्टॉल भी लगाया जाएगा।






पंडाल को बंगाल की थीम में सजाया जाएगा। कार्यक्रम में एक लाख लोग आने की संभावना है। सुरक्षा में 4 हजार जवान तैनात किए जाएंगे।

### मेहमानों के खाने के लिए आलू दम, काली दाल

वीआईपी मेहमानों के लिए लंच में आलू दम, काली दाल, पुलाव, मिक्स वेज, मसाला कुल्चा, अचार और सलाद की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बंगाली डिश बैंगन भाजा साग और आलू पोश्तो भी परोसा जाएगा। मिठाई में गुलाब-जामुन दिया जाएगा।

### 2016 में पहली बार खाता खोला, 2026 में भाजपा का पहला सीएम

बीजेपी के गठन के बाद 1982 में पार्टी ने बंगाल में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था। पार्टी को खाता खोलने में 34 साल लगे और 2016 में उसने 3 सीटें जीतीं। तब पार्टी का वोट शेयर 10.3% था। 2021 में भाजपा ने 38.4% वोट शेयर के साथ 77 सीटें हासिल कीं।

## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में हारे अमेरिका से लौटे अनंतन



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में वासुदेवनल्लूर सीट पर भाजपा उम्मीदवार अनंतन अय्यासामी को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें डीएमके के ई.राजा से करीब 6500 वोटों से हराया है। यह सीट एससी कैंडिडेट के लिए रिजर्व थी। अनंतन राजनीति में आने से पहले अमेरिका में काम करते थे। उन्होंने राजनीति में आने के लिए अपना सफल टेक्नोलॉजी करियर और रियल एस्टेट बिजनेस भी छोड़ दिया था। उनका कहना है कि जनसेवा का सपना 4 साल पहले उन्हें वापस भारत ले आया था। अय्यासामी ने चुनाव हारने पर कहा- चुनाव के एक हफ्ते के पैसों ने चार साल की सच्ची सेवा को हरा दिया। उन्होंने दावा किया कि पिछले चार सालों में गांवों में विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए और अपना पूरा समय लगाया। उनका सपना करीब 1 लाख युवाओं को रोजगार से जोड़ने का था। तमिलनाडु में तेनकासी जिले के रहने वाले अय्यासामी पहले इंटेल में इंजीनियर थे। बाद में वे भाजपा से जुड़े और तेनकासी जिला भाजपा अध्यक्ष बनाए गए। विधानसभा चुनाव पर हार मिलने पर सोशल मीडिया पर लोगों ने अय्यासामी का समर्थन किया।

### कर्नल सोफिया मामले में एमपी सरकार को फटकार, कहा- बहुत हुआ, आदेश का पालन करें

# सुप्रीम कोर्ट बोला- मंत्री शाह को ऐसे कमेंट्स की आदत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अभियोजन स्वीकृति देने में हो रही देरी पर राज्य सरकार को फटकार लगाई। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कड़े शब्दों में कहा-(बस बहुत हुआ), अब हमारे आदेश का पालन कीजिए।

### कोर्ट ने कहा- यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था

सुनवाई के दौरान जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मंत्री का बचाव करते हुए कहा कि शायद उनके बयान को गलत समझा गया और वे महिला अधिकारी की प्रशंसा करना चाहते थे तो सीजेआई सूर्यकांत ने इसे सिरे से खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा- यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। एक राजनेता के तौर पर उन्हें अच्छी तरह पता है कि किसी महिला अधिकारी की प्रशंसा कैसे की जाती है। कोर्ट ने रव्रळ की स्टेटस रिपोर्ट का हवाला देते हुए टिप्पणी की कि मंत्री को इस तरह के कमेंट करने की आदत है।



### जज ने कहा था- अदालत के आदेश को लागू कराने जरूरत पड़ी तो नर्क भी एक कर दूंगा

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। उन्होंने यहां तक कहा था– ₹अदालत के आदेश को लागू कराने के लिए जरूरत पड़ी तो मैं नर्क भी एक कर दूंगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक विशेष जांच दल (रव्रळ) का गठन किया था। एसआईटी ने अपनी जांच पूरी कर मंत्री के खिलाफ केस चलाने (अभियोजन) के लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी है, जो पिछले दो हफ्तों से लंबित है।

### इंदौर के पास रायकुंडा गांव में दिया था विवाद बयान

यह विवाद पिछले साल भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ की गई क्रॉस-बॉर्डर सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुआ था। कर्नल सोफिया कुरैशी ने इस ऑपरेशन की मीडिया ब्रीफिंग की थी। इसके बाद महू के रायकुंडा गांव में एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय शाह ने कहा था, जिन्होंने हमारी बेटियों को विधवा किया, हमने उन्हें सबक सिखाने के लिए उनकी ही एक बहन को भेजा। इस बयान को कर्नल कुरैशी के धर्म से जोड़कर देखा गया, जिसकी हर तरफ निंदा हुई।

मंत्री के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इटर) की धारा 152, 196 (1) (͵) और 197(1)(͵) के तहत मामला दर्ज है, जो राष्ट्रीय संप्रभुता को खतरे में डालने और समूहों के बीच दुश्मनी बढ़ाने से संबंधित हैं।

## बिहार में बिजली-पेड़ गिरने से 7 लोगों की मौत:उत्तर प्रदेश समेत 6 राज्यों में आंधी-बारिश;



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में उत्तर भारत के उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान में शुक्रवा को बारिश और ओलावृष्टि हुई। वहीं मध्य भारत में फिर से तेज गर्मी पड़ने लगी है। बिहार के पटना समेत 7 जिलों में शुक्रवार को तेज बारिश और आंधी आई। फुलवारीशरीफ में ओले भी गिरे। भोजपुर, पटना, समस्तीपुर और पूर्वी चंपारण में बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं पटना और वैशाली में पेड़ गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। पेट्रोल पंप की दीवार भी ढह गई।

उत्तर प्रदेश के आगरा और जालौन में बारिश हुई। वहीं मऊ में ओले भी गिरे। शनिवार को 17 जिलों में आंधी-बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। वहीं राजस्थान में तापमान बढ़ने से गर्मी तेज हो गई है। देश में सबसे ज्यादा गर्म बाड़मेर रहा। यहां पारा 44.6ङ्क दर्ज किया गया। वहीं जैसलमेर और फलोदी में तापमान 44ङ्क रहा। राजस्थान के टोंक में शुक्रवार दोपहर बाद बारिश हुई।

## ईरान ने परमाणु कार्यक्रम खत्म करने की मांग ठुकराई:

# बोला- एनरिच्ड यूरेनियम पर कोई समझौता नहीं, अमेरिका नाकाबंदी हटाए तो होर्मुज खोलेंगे




ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका के साथ जारी तनाव और बातचीत के बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम या हाईली एनरिच्ड यूरेनियम पर कोई समझौता नहीं करेगा। तेहरान ने यह भी कहा कि अगर अमेरिका नाकाबंदी हटाता है तो ईरान होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोल सकता है।

अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी अधिकारियों का कहना है कि वे सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म होने की स्थायी घोषणा चाहते हैं। उनका कहना है कि भविष्य में दोबारा युद्ध शुरू न होने की गारंटी भी मिलनी चाहिए। ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान की संप्रभुता पर कोई बातचीत नहीं होगी।

1. ईरान बोला- होर्मुज में दखल दिया तो जंग फिर शुरू होगीः ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर उसने होर्मुज स्ट्रेट में फिर दखल दिया तो क्षेत्र में दोबारा युद्ध शुरू हो सकता है।
2. अमेरिका का दावा- 70 से ज्यादा जहाजों को रोकाः वर सेंट्रल कमांड (उएठळउडट) ने कहा कि उसने 70 से ज्यादा जहाजों को ईरानी बंदरगाहों तक पहुंचने या वहां से निकलने से रोका। अमेरिका के मुताबिक इन जहाजों में 13 अरब डॉलर से ज्यादा कीमत का तेल ले जाने की क्षमता थी।
3. वअए पर मिसाइल और ड्रोन हमलों का दावाः वअए ने कहा कि ईरान ने 2 बैलिस्टिक मिसाइल और 3 ड्रोन दागे, जिन्हें एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में नष्ट कर दिया। हमले में 3 लोगों के घायल होने की जानकारी दी गई।
4. ईरान-अमेरिका के बीच 30 दिन के समझौते पर चर्चाः रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों देश 30 दिन तक संघर्ष रोकने और होर्मुज स्ट्रेट को व्यापारिक जहाजों के लिए खोलने के प्रस्ताव पर बातचीत कर रहे हैं। परमाणु कार्यक्रम और एनरिच्ड यूरेनियम अभी सबसे बड़ा विवाद बना हुआ है।
5. होर्मुज संकट से तेल और सोने की कीमतों में उछालः होर्मुज स्ट्रेट में तनाव बढ़ने के बाद ब्रेंट क्रूड 103 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। वहीं अमेरिका-ईरान समझौते की उम्मीद से सोने की कीमतों में तेजी देखी गई।

### ईरान ने ट्रम्प की परमाणु हमले वाली धमकी का मजाक उड़ाया

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हालिया परमाणु हमले की धमकी का मजाक उड़ाया है। बघई ने  पर पोस्ट करते हुए कहा, ॡयह एक बेतुकी बात है कि वे शांति और परमाणु संकट रोकने की बात करते हैं, जबकि उनका समाधान बस ॄएक बड़ी चमकॢ है ॡ साथ ही उन्होंने 1964 की अमेरिकी फिल्म ॄडॉ स्ट्रेंजलव याः हाउ आई लर्न्ड टू स्टॉप वरीइंग एंड लव द बॉम्बॢ का क्लिप भी शेयर किया।

# ईरान ने मिसाइल और ड्रोन दागे

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

संयुक्त अरब अमीरात ने दावा किया है कि ईरान ने उसके खिलाफ 2 बैलिस्टिक मिसाइल और 3 ड्रोन दागे हैं। वअए रक्षा मंत्रालय ने  पर पोस्ट कर कहा कि सभी टारगेट्स को हवा में ही मार गिराया गया। हमले में 3 लोग घायल हुए हैं। हालांकि इस दावे पर ईरान की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इसी बीच अमेरिका ने सीजफायर के बावजूद ईरान पर फिर बमबारी की। अमेरिका ने कहा कि ईरानी सेना ने उसके जंगी जहाजों पर मिसाइल, ड्रोन और छोटी नावों से हमला किया था। इसके जवाब में अमेरिकी सेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने डील नहीं की तो अमेरिका आगे भी हमले करेगा। वहीं, ईरान का दावा है कि अमेरिकी हमले में सैन्य ठिकानों नहीं, नागरिक इलाकों को निशाना बनाया गया। ईरानी सेना ने कहा कि उसने जवाबी कार्रवाई में होर्मुज स्ट्रेट और चाबहार पोर्ट के पास मौजूद अमेरिकी सैन्य जहाजों को निशाना बनाया।



## जिस जहाज पर हंतावायरस फैला, उस पर 2 भारतीय

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अटलांटिक महासागर में क्रूज शिप MV होंडियस पर 2 भारतीय नागरिक शामिल है। यह वही शिप हैं, जिस पर हंतावायरस फैला है। BBC के मुताबिक अब तक जहाज पर हंतावायरस संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई है और 3 लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं, नीदरलैंड की लीडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में भर्ती हंतावायरस मरीज का इलाज कर रहीं डॉक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा कि यह वायरस कोरोना जैसा नहीं है। उन्होंने AFP से बातचीत में कहा कि हंतावायरस का इंसान से इंसान में फैलना आसान नहीं है। इसका ट्रांसमिशन कोरोना की तुलना में काफी मुश्किल है।

डच फ्लैग वाला यह जहाज स्पेन जा रहा है। यह 10 मई तक स्पेन के कैनरी आइलैंड तक पहुंच सकता है, जहां जहाज पर मौजूद सभी यात्रियों की जांच होगी। हलड ने कहा कि घटना गंभीर है, लेकिन फिलहाल आम लोगों के लिए खतरा कम माना जा रहा है।

### मरीजों को आइसोलेशन में रखा जा रहा

डॉक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा, ऐसे मामलों में संक्रमित मरीजों को अलग आइसोलेशन रूम में रखा जाता है। ट्रेंड स्टाफ उनकी देखभाल करता है। मरीजों को तब तक आइसोलेशन में रखा जाता है, जब तक उनमें लक्षण दिखाई देते हैं। हालत सुधरने के बाद उनका टेस्ट किया जाता है। अगर रिपोर्ट नेगेटिव आती है तो आइसोलेशन हटाया जा सकता है।

हार्वर्ड के प्रोफेसर एलन ने बताया कि हंतावायरस से संक्रमित लोगों को 40 दिनों के लिए क्वारंटाइन में रखा गया है, क्योंकि इसका इन्क्यूबेशन पीरियड लंबा होता है। शरीर में वायरस के घुसने से लेकर पहले लक्षण दिखने के बीच के समय को इन्क्यूबेशन पीरियड कहते है।

डॉक्टर के मुताबिक, अभी यह साफ नहीं है कि वायरस किसी व्यक्ति के शरीर में कब तक रह सकता है। हलड प्रमुख टेड्रोस एडनॉम गेब्रेसियस ने कहा कि हंतावायरस का इंक्यूबेशन पीरियड छह हफ्ते तक हो सकता है। इसलिए आगे भी नए मामले सामने आने की आशंका बनी हुई है।

### हंतावायरस से मौतों में एंडीज स्ट्रेन का शक

WHO के मुताबिक हंतावायरस से हुई तीन मौत के मामलों में एंडीज स्ट्रेन का शक है, जो इंसानों के बीच भी फैल सकता है। एंडीज स्ट्रेन मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिका के अर्जेंटीना और चिली में पाया जाता है।

WHO  ने बताया कि एंडीज स्ट्रेन बाकी हंतावायरस से अलग है। यह संक्रमित चूहों या उनके मल-मूत्र से तो फैलता ही है, लेकिन कुछ मामलों में इंसान से इंसान में भी फैल सकता है। हालांकि, यह संक्रमण कोरोना जितना तेजी से नहीं फैलता।

# अमेरिका-ईरान के हमले में गुजरात का जहाज डूबा:एक भारतीय की मौत, 17 क्रू मेंबर्स को बचाया

ब्रह्मास्त्र ›› दुबई

ईरान और अमेरिका की नेवी के बीच बीती रात हॉर्मुज स्ट्रेट में हुई फायरिंग की चपेट में गुजरात का एक मालवाहक जहाज डूब गया। यह जहाज गुजरात के द्वारका जिले के सलाया का था। हादसे में जहाज के इंजन रूम में काम कर रहे अल्ताफ तालब केर नाम के भारतीय क्रू की मौत हो गई, जबकि बाकी 17 क्रू को बचा लिया गया। इंडियन सेलिंग वेसल्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आदम भाई ने भास्कर से बात करते हुए इसकी जानकारी दी। आदम भाई ने दुबई स्थित भारतीय दूतावास को ईमेल भेजकर मदद भी मांगी है। मालवाहक जहाज टरश अछ फैज नूरे सुलेमानी-क दुबई से कार्गो लेकर यमन के मुकाला बंदरगाह जा रहा था। जहाज पर एक गनमैन समेत कुल 18 क्रू सवार थे।



### सेक्रेटरी आदम बोले- फायरिंग के बाद जहाज में पानी भरा

आदम भाई के मुताबिक 7 मई की सुबह करीब एक बजे जहाज हॉर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था। इसी दौरान ईरान और अमेरिकी नेवी के बीच आमने-सामने फायरिंग शुरू हो गई। क्रॉस फायरिंग में गुजरात का यह जहाज भी चपेट में आ गया। फायरिंग से जहाज को भारी नुकसान पहुंचा और उसमें पानी भरने लगा। इससे जहाज डूबने लगा। इसी दौरान इंजन रूम में मौजूद अल्ताफ तालब केर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जहाज डूबने के बाद क्रू ने खुद को बचाने की कोशिश शुरू की। उसी समय पास से गुजर रहे दूसरे जहाज टरश प्रेम सागर-क ने मदद की। इस जहाज ने 17 क्रू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### वेसल्स एसोसिएशन ने भारतीय दूतावास से मदद मांगी


हादसे के बाद इंडियन सेलिंग वेसल्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आदम भाई ने तुरंत दुबई स्थित भारतीय दूतावास को ईमेल भेजकर पूरे हादसे की जानकारी दी। उन्होंने इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप और मानवीय सहायता की अपील की।

एसोसिएशन ने मृतक क्रू अल्ताफ तालब केर के अंतिम संस्कार, डेथ सर्टिफिकेट और दुबई पहुंचे 17 क्रू की सुरक्षित वापसी की मांग की है।

एसोसिएशन ने मांग की है कि मृतक अल्ताफ तालब केर के अंतिम संस्कार के लिए जरूरी प्रशासनिक प्रक्रियाएं जल्द पूरी कराई जाएं। साथ ही स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर डेथ सर्टिफिकेट और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट उपलब्ध कराया जाए। फिलहाल क्रू को भारत वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शरीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 50 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| टी | वी | सू | ह | का | ल | जी | टि | ल | फो | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | मा | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | घ | व | म | है | डी. | म्म | सी | बैं |
| टि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| शि | ल | च | त्त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लों | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# आंधी-बारिश में ताजमहल के पत्थर टूटकर गिर रहे:दीवारों में दरारें


# रॉयल गेट भी बदहाल; ठेकेदारों के भरोसे



**ताजमहल करीब 373 साल पुराना हो चुका है। दुनिया की सबसे खूबसूरत इमारतों में शामिल इस स्मारक के रॉयल गेट (शाही दरवाजे) के पत्थर अब दरकने लगे हैं। दरवाजे की दीवारों में कई जगह दरारें आ गई हैं। कुछ पत्थर अपनी जगह से खिसक चुके हैं। शाही गेट अब आंधी और बारिश भी नहीं झेल पा रहा। पिछले महीने आंधी-बारिश के दौरान दो बार गेट के पत्थर टूटकर गिर चुके हैं। ये पत्थर मुगलकाल के हैं। इससे पहले भी ताजमहल परिसर के कई हिस्सों में पत्थर और जालियां टूट चुकी हैं। मुख्य मकबरे के पीछे यमुना नदी की तरफ लगी जालीदार रेलिंग भी तेज बारिश और आंधी नहीं झेल पाई। साल 2020 में यह रेलिंग गिर गई थी।**


## जनवरी 1632

### ताज महल बनाने का काम शुरू हुआ



**शाहजहां** ने यमुना किनारे आगरा में महल के लिए जगह खोजनी शुरू की।

बादशाह ने राजा मान सिंह के पोते जय सिंह से 3 एकड़ की जमीन ली।



जमीन के बदले शाहजहां ने जय सिंह को **4 हवेलियां** दीं।

**जमीन को बराबर कर मुमताज के लिए 'रउजा-ए-मुनव्वरा' यानि शानदार मकबरा बनाने का काम शुरू हुआ।**


# रॉयल गेट पर लगी पत्थर की जाली कई जगह से टूट गई

7 अप्रैल 2026: आगरा में तेज आंधी और बारिश हुई। इस दौरान ताजमहल के रॉयल गेट के सफेद और लाल पत्थर निकलकर गिर गए। गनीमत रही कि कोई पर्यटक इसकी चपेट में नहीं आया। 30 अप्रैल 2026: आगरा में हल्की आंधी और बारिश हुई। इसके बावजूद रॉयल गेट के कमजोर हो चुके पत्थर इसे नहीं झेल पाए। सफेद पत्थर के 5 टुकड़े टूटकर नीचे गिर पड़े।

31 मई 2024: ताजमहल के रॉयल गेट का एक पत्थर टूटकर गिर गया था। 20 दिसंबर 2024: ताजमहल के दक्षिणी गेट की दीवार से पत्थर टूटकर गिर गए थे। 29 मई 2020: ताजमहल में संगमरमर और लाल पत्थर की जालियां टूट गई थीं। पश्चिमी गेट की चूल टूटने से गेट टेढ़ा हो गया था।

ताजमहल का रॉयल गेट यानी शाही दरवाजा अब जर्जर हो चुका है। कई जगहों से पत्थर अपनी जगह छोड़ चुके हैं। दीवारों में दरारें दिखाई देने लगी हैं। पत्थर इतने पुराने हो गए हैं कि वे दीवारों से उखड़कर गिरने लगे हैं। लाल पत्थर से बने रॉयल गेट में नक्काशी के लिए लगाए गए सफेद और काले पत्थर भी निकल रहे हैं। कई जगह पत्थर झड़ने से दीवारों में गैप बन गया है।

## खाल जलाने वाली गर्मी



### मोहब्बत की सबसे बड़ी निशानी की पहली ईंट रखी गई

20 हजार मजदूरों ने दिन-रात काम कर इमारत की गहरी नींव खोदी

इसका ध्यान रखा गया कि यमुना का पानी उसमें रिस कर न आ पाए



महल बनाने वाले ज्यादातर मजदूर कन्नौज और कश्मीर के हिंदू थे

*पुर्तगाली लेखक **सिबेस्टियाओ मेनरीक** ने इस बारे में लिखा...*

1000 **से ज्यादा हाथी पत्थर ढोने के लिए लगाए गए।**



**40 तरह के रत्नों को** महल की दीवारों पर जड़ा गया





**हरे रंग** का पत्थर चीन से, **नीला लैपीज लजूली पत्थर** अफगानिस्तान से मंगवाया गया।



साल 1642 के आस-पास चबूतरे और मुख्य गुंबद पर नक्काशी का काम शुरू हुआ।

अमानत खां को महल पर नक्काशी करने की जिम्मेदारी दी गई।

शाहजहां ने चीन, श्रीलंका, तिब्बत और अरब से रत्न मंगवाए।

**यहां दिखाई गई नक्काशी की तस्वीरें ताजमहल के मुख्य गुंबद की हैं।**

## महल का निर्माण




### आगरा के पेठे ने ठप होने से बचा लिया



1645 में खूब गर्मी पड़ी, बादशाह ने मजदूरों की एनर्जी बूस्ट करने के लिए उन्हें पेठा खिलाया।

तभी से आगरा का पेठा फेमस हो गया।

1648 तक मकबरे मुख्य गुंबद और बगीचे का काम पूरा हो गया।





**अमानत खां ने बारी-बारी मकबरे के हर हिस्से को नक्काशी से सजाया।**

## शाहजहां ने पहली बार महल को देखा तो बोले

### ताजमहल, जिसकी गवाही चांद-सितारे देंगे



1653 में 73 मीटर ऊंचा महल बनकर तैयार हुआ।

यमुना किनारे बाग में दफ्न मुमताज को ताजमहल में दोबारा दफनाया गया।

'ये ताजमहल सिर्फ प्यार की कहानी बयां नहीं करेगा, बल्कि उन सभी लोगों को दोषमुक्त करेगा जो इंसान का जन्म लेकर हिन्दुस्तान की इस पाक जमीन पर अपने कदम रखेंगे और इसकी गवाही चांद-सितारे देंगे।'

**-शाहजहां**

■ वर्ष-12 अंक-185 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

सद्विद्या यदि का चिन्ता वराकोदर पूरणे।
शुकोऽप्यशनमाप्नोति रामरामेति च ब्रुवन्।।

**भावार्थ :** यदि आपके पास अच्छा ज्ञान है, तो पेट भरने के बारे में चिंता करने का कोई कारण नहीं है। तोते को राम राम कहने से भी भोजन मिलता है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 09 मई, 2026

न चोरहार्यं न च राजहार्यं न भ्रातृभाज्यं न च भारकारी।
व्यये कृते वर्धते एव नित्यं विद्याधनं सर्वधन प्रधानम्।।

**भावार्थ :** ज्ञान का धन कोई चुरा नहीं सकता, राजा उसे नहीं ले सकता, वह भाइयों में बाँटा नहीं जाता, बोझ नहीं होता, खर्च करने से बढ़ता है। वास्तव में शिक्षा ही धन है।

## बर्गीजलबन्धस्य दुर्घटनाः द्वयोः क्रूज-इञ्जिनयोः दोषः आसीत्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरस्य बर्गीजलबन्धे यत् क्रूज-दुर्घटना अभवत् तस्य विषये एकः प्रमुखः नूतनः प्रकाशनः उद्धृतः अस्ति। क्रूज-जहाजस्य इञ्जिनद्वयं पूर्वमेव दोषपूर्णम् आसीत् इति प्रकाशं प्राप्तम्-एतत् तथ्यं प्रबन्धकेन मार्चमासस्य पूर्वमेव लिखितपत्रेण अधिकारिभ्यः औपचारिकरूपेण प्रसारितम् आसीत् तदपि क्रूज्-यानस्य कार्याणि निरन्तरं भवितुं अनुमतिः प्राप्ता। अस्याः घटनायाः कारणात् अधुना पर्यटनविभागस्य जलयानसञ्चालनस्य प्रबन्धनस्य च विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति। दुर्घटनायाः अनन्तरं प्रशासनिक-तकनीकी-अनुसन्धानयोः त्वरितता कृता अस्ति। समाचारानुसारं बार्गी-दुर्घटने सम्मिलितं क्रूज-यानं-यत् तदनन्तरं डुबत्-मैकल-रिसोर्ट्-माध्यमेन संचालितं भवति स्म। मार्चमासे रिसोर्टप्रबन्धनेन स्पष्टतया पत्रं जारीकृतं यत् क्रूजस्य द्वयोः इञ्जिनयोः विकारः अस्ति।

## सम्पादकीयम्

### अक्ष अधिकतम जीवन

यदा अमेरिकादेशः तेहरान-नगरस्य समीपे सेतुषु बम्बं पातितवान् तदा इरान्-देशः कुवैत-यूएई-देशयोः ऊर्जा-अन्तर्गत-संरचनायाः लक्ष्यं कृतवान्। इरान्-देशः अपि सम्पूर्णे पश्चिम-एशिया-देशे स्थितानां अमेरिकी-सम्पत्त्याः नाशस्य धमकीम् अयच्छत्। कथं वयं पुनः प्राप्नुमः? परन्तु अस्य विग्रहस्य परिणामः समग्रस्य जगतः कृते हानिकारकः भवति। होर्मुज्-जलसन्धिस्य ईरानी-नाकाबन्दीद्वारा वैश्विकतैल-आपूर्तिः पूर्वमेव प्रायः २०% न्यूनीकृता अस्ति। शत्रुता निवृत्ता अपि आपूर्तिस्तरं सामान्यं कर्तुं कतिपयान् मासान् यावत् समयः भवितुं शक्नोति इति अनुमानं भवति। तथापि यदि ऊर्जासंरचनायाः उपरि आक्रमणानि स्थास्यन्ति तर्हि तस्य परिणामतः क्षतिं प्राप्तुं बहुवर्षं यावत् समयः भवितुं शक्नोति। अपर्याप्ताः उपायाः कुवैत, कतार, सऊदी अरबदेशेषु तैल-गैस-सुविधासु-तथा च ईरानस्य दक्षिणपार्स-गैस-क्षेत्रे-अस्मिन् संघर्षे पूर्वमेव महत्त्वपूर्णं क्षतिं जातम् अस्ति। कतारस्य ऊर्जामन्त्री साद शेरिदा अल-काबी इत्यनेन अपि गतमासे उक्तं यत् स्वदेशस्य निर्यातक्षमतायां १७% यावत् न्यूनता भवितुम् अर्हति इति। सम्प्रति राष्ट्रेषु स्वकीयाः सामरिकभण्डाराः सन्ति, अन्तर्राष्ट्रीयऊर्जासंस्थायाः आह्वानस्य प्रतिक्रियारूपेण सदस्यदेशाः अपि स्वभण्डारतः तैलं मुक्तुं सहमताः सन्ति इदानीं भारतेन अद्यैव कच्चे तेलस्य मूल्यवृद्धेः दबावात् स्वस्य तैलविपणनकम्पनीनां रक्षणार्थं आबकारीशुल्कं कटितम्। परन्तु यदि आक्रमणानि स्थास्यन्ति तर्हि एते आपत्कालीनाः उपायाः अपि अपर्याप्ताः सिद्धाः भविष्यन्ति।

**राजस्थानम् एकः बृहत् राजनैतिकभूकम्पः**

## राज्यस्य पूर्वमन्त्री महेशजोशी जल जीवनमिशनघोटालेन भ्रष्टाचारविरोधी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

राजस्थानम् गुरुवासरे एकः बृहत् राजनैतिकभूकम्पः कम्पितवान् यदा राज्यस्य पूर्वमन्त्री महेशजोशी जलजीवनमिशनघोटालेन भ्रष्टाचारविरोधी ब्यूरो (एसीबी) इत्यनेन गृहीतः। जयपुरनगरे तस्य निवासस्थाने कृतस्य अभियानस्य अनन्तरं एसीबी तं निग्रहे गृहीतवान्। अधिकारिणां मते अस्मिन् प्रकरणे प्रायः 960 कोटिरूप्यकाणां कथितः घोटाला अस्ति, यस्य अन्वेषणं पर्याप्तकालं यावत् अस्ति। पूर्वमन्त्रिणः गृहीतस्य अनन्तरं राज्ये राजनैतिकवातावरणं उष्णं जातम्, विपक्षस्य सत्ताधारीपक्षस्य च आरोपानाम् आदानप्रदानं तीव्रं जातम्।

एसीबी-अधिकारिणां मते महेशजोशी इत्यस्य विरुद्धं लोकस्वास्थ्य-इञ्जिनीयरिङ्गविभागस्य (पीएचईडी) मन्त्रीरूपेण कार्यं कुर्वन् स्वस्य आधिकारिकपदस्य दुरुपयोगं कृत्वा अनुबन्धप्रदानस्य विनिमयरूपेण घूसं स्वीकृतवान् इति आरोपः अस्ति अन्वेषणसंस्थायाः दावान् करोति यत् जलजीवनमिशनस्य अन्तर्गतं निर्गतेषु अनेकेषु निविदासु अनियमितता अभवत्, यस्य परिणामेण कोटिरूप्यकाणां भ्रष्टाचारः अभवत्। अस्मिन् प्रकरणे एसीबी पर्याप्तं प्रमाणं प्राप्य पूर्वमन्त्रिणः विरुद्धं कार्यवाहीम् अकरोत्।

जयपुरनगरस्य महेशजोशी इत्यस्य निवासस्थानं प्रातःकाले एव एसीबी-दलम् आगतं इति सूचना अस्ति। तदनन्तरं प्रश्नोत्तरं आवश्यकं दस्तावेजीकरणं च सम्पन्नं कृत्वा सः गृहीतः। यथा यथा गृहीतस्य वार्ता प्रसृता तदा तस्य गृहस्य बहिः तस्य समर्थकानां समूहः समागतः। परन्तु पुलिस-सुरक्षाबलानाम् उपस्थित्या स्थितिः नियन्त्रणे एव अभवत्।

जलजीवनमिशनं केन्द्रसर्वकारस्य महत्त्वाकांक्षी योजना अस्ति यस्य उद्देश्यं ग्रामीणक्षेत्रेषु प्रत्येकं गृहे स्वच्छं पेयजलं प्रदातुं वर्तते। राजस्थाने अस्याः योजनायाः अन्तर्गतं पाइपलाइन्, जलप्रदायः, आधारभूतसंरचनाविकासः च सम्बद्धानां बृहत्कायार्णां कृते कोटिरूप्यकाणां निविदाः निर्गताः आसन् अस्मिन् क्रमे बृहत् वित्तीय-अनियमिताः अभवन्, कतिपयानां कम्पनीनां लाभाय नियमानाम् अवहेलना कृता इति आरोपः अस्ति।

एसीबी-स्त्रोतानां अनुसारं अन्वेषणस्य समये कथित-घूस-सम्बद्धाः अनेके दस्तावेजाः, बैंक-व्यवहाराः, महत्त्वपूर्ण-सूचनाः च उपरि आगताः सन्ति। एजेन्सी कथयति यत् अस्मिन् प्रकरणे सम्बद्धानां अन्येषां कतिपयानां अधिकारिणां ठेकेदारानाञ्च भूमिकायाः अपि अन्वेषणं क्रियते। आगामिषु दिनेषु अस्य प्रकरणस्य विषये अधिकानि प्रमुखाणि प्रकाशनानि उद्भवितुं शक्नुवन्ति इति अपेक्षा अस्ति। महेशजोशी राजस्थानराजनीतेः प्रमुखः व्यक्तिः इति मन्यते, सः काङ्ग्रेससर्वकारे मन्त्रीरूपेण कार्यं कृतवान्।

**भाजपा जदयू च**

## स्वस्वसामाजिकआधारं सुदृढं कर्तुं व्यापकरणनीत्याः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

प्रतिनिधित्वं करोति कोएरी, कुर्मी, भूमिहार, ब्राह्मण, राजपूत, दलित, अत्यन्तं पिछड़ा, वैश्य, अल्पसंख्यक, मल्लाह समुदायस्य नेतारः मन्त्रिमण्डले सम्मिलिताः सन्ति। भाजपा जदयू च स्वस्वसामाजिकआधारं सुदृढं कर्तुं व्यापकरणनीत्याः भागरूपेण जातिसन्तुलनं निर्वाहयितुम् विशेषं ध्यानं दत्तवन्तौ।

मुख्यमन्त्री सम्राटचौधरी इत्यनेन महत्त्वपूर्णं गृहविभागं सहितं कुलम् षट् विभागाः अवशिष्टाः सन्ति। उपमुख्यमन्त्री बिजेन्द्रप्रसाद यादवः वित्तविभागं न्यस्तः, विजयकुमारचौधरी इत्यस्मै जलसंसाधनविभागस्य उत्तरदायित्वं नियुक्तः अस्ति। कृषिविभागः विजयकुमारसिन्हा इत्यस्मै आवंटितः अस्ति, यदा तु नगरविकाससूचनाप्रौद्योगिकीविभागाः नीतीशमिश्राय समर्पिताः। ऊर्जाविभागः बुल्लोमण्डलस्य नियुक्तः अस्ति, यः पिछड़ावर्गस्य प्रतिनिधित्वं कुर्वन् जदयू-पक्षस्य प्रमुखः मुखः इति गण्यते।

अस्मिन् विस्तारे केषाञ्चन वर्तमानमन्त्रिणां बहिष्कारः अपि पर्याप्तविमर्शस्य विषयः अभवत्। अनेकाः परिचिताः मुखाः-भाजपा-वरिष्ठनेता मंगलपाण्डेय-सहिताः-अस्मिन् समये मन्त्रिमण्डले बर्थं प्राप्तुं असफलाः अभवन्। एतत् कदमः नूतनपीढीयाः नेतारः प्रवर्धयितुं सामाजिकसमीकरणानां सूक्ष्मसमायोजनाय च उद्दिश्य आन्तरिकदलरणनीत्या चालितं इति व्यापकतया गृह्यते। शपथग्रहणसमारोहाय विशालः जनसमूहः समागतः, सम्पूर्णे गान्धी मैदाने स्पर्शयोग्य-उत्साहस्य वातावरणं प्रचलति स्म प्रधानमन्त्रिणः नरेन्द्रमोदी इत्यस्य उपस्थित्या अस्य आयोजनस्य राजनैतिकमहत्त्वम् अपि अधिकं दत्तम्।

## राशिफल

**मेष :** आज काम थोड़ा ज्यादा रह सकता है। परिवार के लोगों का साथ मिलेगा तो मन हल्का रहेगा।

**वृषभ :** किसी करीबी से चल रही दूरी कम हो सकती है। नौकरी करने वालों को धैर्य रखना होगा।

**मिथुन :** किसी करीबी इंसान से साफ बात करना जरूरी रहेगा। ऑफिस में बिना समझे किसी काम की जिम्मेदारी न लें।

**कर्क :** परिवार के साथ समय बिताने से अच्छा लगेगा। ऑफिस में किसी सीनियर की सलाह फायदेमंद साबित हो सकती है।

**सिंह :** छात्रों का पढ़ाई में मन लगेगा। रिश्तों में पार्टनर का साथ मिलेगा। पुराने दोस्त से बातचीत हो सकती है।

**कन्या :** ऑफिस में जिम्मेदारी बढ़ सकती है। बिजनेस में पुराने संपर्क फायदा दिला सकते हैं।

**तुला :** बिजनेस में फायदा होने के संकेत हैं। रुके हुए काम आगे बढ़ सकते हैं। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**वृश्चिक :** बिजनेस में नए लोगों से संपर्क बढ़ेगा। परिवार के साथ समय बिताने से अच्छा लगेगा।

**धनु :** ऑफिस में काम धीरे-धीरे पूरे होंगे। रिश्तों में गलतफहमी बढ़ाने से बचें। पुराने दोस्त से बात हो सकती है।

**मकर :** बिजनेस में नए मौके मिल सकते हैं। गुस्से में किसी से बहस न करें। पैसों की स्थिति पहले से बेहतर रह सकती है।

**कुंभ :** बिजनेस में नया प्लान बन सकता है। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा। खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी रहेगा।


**मीन :** बिजनेस में धीरे-धीरे फायदा मिलने के संकेत हैं। रिश्तों में भरोसा बनाए रखना जरूरी होगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# 17 मई से इन राशि वालों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, अक्टूबर तक मिलेंगे अच्छे परिणाम

17 मई 2026 से शनि देव रेवती नक्षत्र में प्रवेश कर रहे हैं और 9 अक्तूबर 2026 तक इसी नक्षत्र में रहेंगे। ज्योतिषीय गणना के अनुसार रेवती नक्षत्र के स्वामी बुधदेव हैं। ऐसे में शनि और बुध का यह मेल कुछ राशियों के लिए शुभ हो सकता है।

17 मई 2026 को शनि देव रेवती नक्षत्र में प्रवेश कर रहे हैं। वह 9 अक्तूबर 2026 तक भी इसी नक्षत्र में रहने वाले हैं। ज्योतिष गणना के अनुसार, रेवती नक्षत्र के स्वामी बुधदेव हैं। ऐसे में शनि के यहां आने से इसका शुभ प्रभाव कुछ राशि के जीवन में बदलाव लेकर आ सकता है। जातकों के अटके काम पूरे और व्यापार में लाभ धीरे-धीरे प्राप्त हो सकता है। साथ ही सोच में स्पष्टता आएगी और फैसले पहले से ज्यादा मजबूत होंगे। ऐसे में आइए इन लकी राशियों के नाम जानते हैं।



**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए यह समय पॉजिटिव बदलाव लेकर आ सकता है। माना जा रहा है कि, कन्या राशि वालों को विशेष लाभ प्राप्त होगा। इस समय धन से जुड़े मामलों में सुधार होगा। खास बात यह है कि, आपको कहीं से अच्छी खबर मिलने के योग हैं। इस समय अगर आप पढ़ाई या किसी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो मेहनत रंग ला सकती है। आपको अपने काम पर फोकस बनाए रखना होगा, क्योंकि मौके आपके पक्ष में रहेंगे। कोर्ट के मामलों से राहत मिलेगी।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के अंदर इस समय एक अलग ही ऊर्जा देखने को मिलेगी। इस समय पर्यटन-पिकनिक के योग बनेंगे। आप अपने काम को लेकर ज्यादा ऊर्जावान रहेंगे। लव लाइफ में भी अच्छा तालमेल बनेगा और पार्टनर के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। इस समय अगर आप किसी नए काम की शुरूआत करना चाहते हैं, तो सही प्लानिंग के साथ आगे बढ़ सकते हैं। लव पार्टनर से कोई बड़ा सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। इस दौरान आपको निवेश से भी अच्छा लाभ मिलता हुआ नजर आएगा।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए यह गोचर करियर में अच्छा बदलाव लेकर आ सकता है। करियर-कारोबार आदि के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। कोई नुकसान अगर पहले हुआ था, तो उससे उभर जाएंगे। सभी संघर्षों का फल आपको मिलता हुआ नजर आएगा। आपको ऐसे लोगों से मिलने का मौका मिलेगा, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। करियर में ग्रोथ के संकेत हैं और आपकी मेहनत को पहचान मिलने लगेगी।

## खबर एक नजर...

### जनगणना में शामिल शिक्षिका सड़क दुर्घटना में घायल

**उज्जैन।** शासन के आदेश पर जनगणना में ड्युटी कर रही शिक्षिका निर्मला पति रोजश 45 साल निवासी महाकाल वाणिज्य केन्द्र को शुक्रवार दोपहर नरवर थाना क्षेत्र के विनोद रेस्टोरेंट के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल हुई शिक्षिका को एम्बुलेंस से उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। शिक्षिका के हाथ और पैर में फैक्चर होना सामने आया है। नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के प्रयास किये जा रहे है। घायल शिक्षिका के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया जायेगा।

### मृतक की नहीं हुई पहचान, हाथ पर लिखा था बबलू

**उज्जैन।** कोतवाली थाना क्षेत्र के तेलीवाड़ा से निकास की ओर जाने वाले मार्ग पर 2 दिन पहले अचानक गश खाकर नाली में गिरे व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा था। मृतक के हाथ पर बबलू और ओम गुदा हुआ था। उसकी पहचान के काफी प्रयास किये गये, लेकिन शुक्रवार तक परिजनों का पता नहीं चल पाया। एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को दफनाया गया है। आशंका जताई गई है कि दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हुई है। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा। वहीं शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 7 से एक वृद्ध का शव जीआरपी ने लोगों की सूचना पर बरामद किया। मृतक वृद्ध हुलिये से भिक्षुक प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई गई है कि वृद्धावस्था के चलते उसकी मौत हुई। उसके पास से शिनाख्त का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। फिलहाल शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों का पता नहीं चलने पर 24 घंटे बाद दफनाने की प्रक्रिया की जायेगी।

### जहरीली कच्ची शराब के साथ हिरासत में आया बदमाश

**उज्जैन।** धार के कानवन के रहने वाले बदमाश महिपाल पिता गोकुलसिंह सोलंकी को चिमनगंज थाना पुलिस ने पिंगलेश्वर मार्ग पिलियाखाल के पास से निमार्णाधीन कालोनी के मैदान से गश्त के दौरान हिरासत में लिया। बदमाश के पास से हाथ भट्टी पर बनी जहरीली कच्ची शराब से भरी केन मिली है। एसआई सुरेन्द्र मंडलोई ने बताया कि जहरीली शराब मिलने पर आबाकरी अधिनियम की धारा 49-ए का प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी महिपाल के खिलाफ धार जिले में हत्या के प्रयास और मारपीट के कई मामले दर्ज है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### गोठवाल चौराहा पर 60 साल के वृद्ध से मारपीट

**उज्जैन।** किशनपुरा में रहने वाले 60 वर्षीय जयराम पिता जगन्नाथ जाटवा गुरूवार-शुक्रवार रात भजन कीर्तन में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। गोठवाल चौराहा पर मोहित, गोपाल और एक अन्य ने पाइप-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। चरक अस्पताल में भर्ती घायल वृद्ध ने बताया कि मारपीट करने वाले गोपाल क्षेत्र का ही रहने वाला है। 6 माह पहले गोपाल का पुत्र जगदीश अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। उसी दौरान बीच-बचाव किया था। जब गोपाल और उसके परिवार ने बीच-बचाव करने पर गाली-गलौच की थी, जिसके बाद से मनमुटाव हो गया था, जो रंजीश में बदल गया था, उसी रंजीश में रात को गोपाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला किया है। माधवनगर थाना एएसआई ज्वाकिम तिर्की के अनुसार मामले में मारपीट करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 355-3 | 167-4 |
| मेन बाजार | 780-5 | 600-6 |
| मिलन डे | 123-6 | 360-9 |
| मिलन नाइट | 279-8 | 148-3 |

1 4 0

#### सास और मां पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, नाबालिग भी हिरासत में

# तोड़फोड़-आगजनी करने वाले बदमाश का निकाला जुलूस

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कंचनपुरा में रंजीश के चलते मकान में तोड़फोड़ और आगजनी करने वाले बदमाश का पुलिस ने जूलूस निकाल दिया। बुधवार-गुरूवार रात जहां दहशत फैलाई थी, उसी जगह बदमाश कान पकड़कर लगड़ाता हुआ चलता दिखाई दिया। शुक्रवार दोपहर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

आईटीआई में पदस्थ कर्मचारी भागीराथ रायकवार कंचनपुरा में निवास करते है। 2 साल से उनका पड़ोसी से विवाद चला आ रहा है। बुधवार गुरूवार रात पड़ोसी का दामाद गोलू पिता पप्पू रायकवार निवासी ढांचा भवन कंचनपुरा पहुंचा था और नाबालिग साले के साथ 3 अन्यों के साथ भागीरथ रायकवार के मकान पर पहुंच गया। उसने जमकर



गद्दर मचाया और दरवाजा तोड़कर भागीरथ की मां भगवती बाई 75 साल, पुत्री पूजा और रिश्तेदार महिला के साथ मारपीट करते हुए घर के बाहर खड़े दो पहिया वाहन में आग लगा दी थी। उपद्रव की खबर मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस कंचनपुरा पहुंच गई थी। गुरूवार सुबह उपद्रव के मुख्य आरोपी गोलू रायकवार और उसके नाबालिग साले को हिरासत में ले लिया गया। शुक्रवार को गोलू रायकवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। उससे पहले उसका उसी जगह जुलूस निकाला गया, जहां उसने उपद्रव करते हुए दहशत फैलाई थी। बदमाश कान पकड़कर लगड़ाता हुआ दिखाई दिया। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि बदमाश के 3 साथी फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है। मामले में आरोपी गोलू की मां संगीता और सास रीना भी उपद्रव के दौरान शामिल होना पाई गई थी, जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### तोड़फोड़ में हुआ था हजारों का नुकसान

बताया जा रहा है कि घटनाक्रम के दौरान भागीरथ रायकवार नाईट ड्युटी पर गये थे। घर पर उपद्रव की खबर मिलने पर देर रात लौटे थे। बदमाशों द्वारा की गई तोड़फोड़ में उन्हे हजारों का नुकसान होना सामने आया है। बदमाशों ने घर के खिड़की दरवाजों का तोड़ने के साथ अंदर रखा टीवी और घरेलू सामान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था यहीं नहीं बाइक में आग लगा दी थी। तोड़फोड़ मारपीट के मुख्य आरोपी गोलू के साथ उसका भाई और पंवासा क्षेत्र के 2 युवक भी शामिल होना बताये गये है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### 45 मिनट तक मचाया था गद्दर

रायकवार परिवार के अनुसार बदमाशों ने करीब 45 मिनट तक घर में गद्दर मचाया था। बीच बचाव में पड़ोस में रहने वाली भागीरथ की बहन उषा और चचेरा भाई बीच-बचाव में आया था, उनके साथ भी मारपीट की गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंची थी, इस दौरान नाबालिग आरोपी हिरासत में आ गया था।

# दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गंभीर डेम और इंगोरिया के बीच ग्राम खडोतिया में शुक्रवार रात अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया। मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। एम्बुलेंस शव चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी।

बताया जा रहा है कि इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खडोतिया में रात 9 बजे के लगभग तेजगति से दौड़ते अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया था। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी। दुर्घटना की सूचना पर 108 एम्बुलेंस घटनास्थल पहुंची और बाइक सवार को चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। मृतक की पहचान रतनसिंह पिता राजाराम 55 साल निवासी ग्राम अजराना थाना चिंतामण के रूप में हुई। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा दुर्घटना में मृतक की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। वहीं पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को दुर्घटना से अवगत कराया गया है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पायेगी। रात में हुई दुर्घटना से 2 दिन पहले भी इंगोरिया क्षेत्र के ग्राम धरेरी में अज्ञात वाहन ने राजस्थान के बाडमेर में रहने वाले




लक्ष्मण पिता हरीराम जाट को कुचल दिया था। जिसकी अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई थी।

### दूध वाहन और मैजिक ने मारी बाइक सवारों को टक्कर

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम राघौपिपल्या चौराहा पर टाटा मैजिक के चालक ने तेजगति से गाड़ी चलते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में जगदीश बागवान और संदीप योगी निवासी ग्राम गंगेडी चिंतामण घायल हो गया। पुलिस ने मैजिक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जो दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकला था। दुर्घटना का दूसरा मामला दूध वाहन से होना सामने आया। मंगलनाथ मंदिर से इंदिरानगर की ओर आने वाले मार्ग पर बाइक सवार रमेश पिता रामलाल सोलंकी 60 साल निवासी मंगल कालोनी को दूध वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। दुर्घटना के बाद चालक दूध वाहन लेकर भाग निकला था। चिमनगंज थाना पुलिस दूध वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

#### शाजपुर में इंदौर निवासी भतीजे-भतीजियों में भिडंत

# जमीन विवाद में चली लाठी-तलवार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शाजापुर जिले के अकोदिया थाना क्षेत्र के फूलेन गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। महिलाओं को जमीन पर पटक-पटककर पीटा गया। तहसीलदार के आदेश पर सीमांकन के लिए पहुंचे सरकारी अधिकारियों के सामने लाठी-डंडे चले और तलवारें भी लहराई गईं। इस घटना में कुल सात लोग घायल हो गए।

यह विवाद दो भाइयों के परिवार के बीच जमीन के हिस्से-बंटवारे को लेकर सामने आ रहा है। इंदौर निवासी अमन पंवार अपनी बहनों के साथ अपने दिवंगत पिता के हिस्से की जमीन का सीमांकन कराने फूलेन पहुंचे थे। अमन पंवार को देखते ही उनके रिश्ते में ताऊ लगने वाले अशोक पंवार और उनके परिवार ने विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए यहां क्यों आए। इसी बात पर दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। विवाद में सात लोग घायल हुए, जिनमें से चार को गंभीर चोटों के कारण जिला अस्पताल शाजापुर रैफर किया गया है। अकोदिया थाना पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर



एफआईआर दर्ज की है। इंदौर निवासी अमन पंवार की शिकायत पर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष के फूलेन निवासी आकाश की शिकायत पर अमन सहित सात लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। विवाद में दोनों पक्ष 7 महिलाओं को भी आरोपित बनाया गया है।

#### 4 फर्जी वेबसाइट और 64 आईएमईआई नम्बर निष्क्रिय

# धोखाधड़ी में शामिल 55 मोबाइल नम्बर को कराया गया बंद

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

डिजीटल सुरक्षा को लेकर पुलिस तकनीकी स्तर पर निगरानी रख साइबर अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई लगातार कर रही है। एक बार फिर पुलिस ने धोखाधड़ी में शामिल 55 मोबाइल नम्बरों के साथ होटल बुकिंग के नाम पर संचालित की जा रही 4 वेबसाइड को बंद कराया है।



एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि डिजीटल सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये उज्जैन पुलिस लगातार डिजीटल माध्यमों से ऐसे मोबाइल नम्बरों पर नजर रखी रही है। जिनका उपयोग ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी लिंक भेजकर नागरिकों से साइबर ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में आईटी सेल शाखा टीम के एसआई प्रतिक यादव, आरक्षक प्रिंस छाबड़ा और मयूर घूंघरवाल की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों से 55 नम्बरों का पता लगाया, जिसके माध्यम से ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया जा रहा था। नम्बरों की जानकारी मिलने पर दूरसंचार कंपनियों से संपर्क कर सभी को बंद कराया गया है। टीम द्वारा 64 मोबाइल के आईएमईआई नम्बरों को भी ब्लॉक कराया है, जिससे संबंधित मोबाइल उपकरणों का किसी साइबर अपराध में उपयोग रोका जा सके। पूर्व में जनवरी माह के दौरान भी पुलिस टीम ने 213 मोबाइल नम्बरों को बंद कराया था। पुलिस की आईटी शाखा लगातार ऐसे नम्बरों का विश्लेषण कर रही है, जिनके माध्यम से डिजीटल सुरक्षा का गलत उपयोग किया जा रहा है।

### 4 फर्जी वेबसाइड भी आई थी सामने

आईटी सेल शाखा द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से रखी जा रही नजर के दौरान चार ऐसी फर्जी बेवसाइड भी सामने आई। जिनके माध्यम से धार्मिक नगरी में होटल, धर्मशाला में ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी की जा रही थी। चारों वेबसाइड को ऐसे डिजाइन कर गूगल पर अपलोड किया गया था, जिससे आमजन आसानी से भ्रमित हो रहा था। उक्त चारों बेवसाइड को भी निष्क्रिय कराने का काम पुलिस द्वारा किया गया है।

### आमजन से उज्जैन पुलिस की अपील

एसपी प्रदीप शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी होटल, धर्मशाला अथवा अन्य सेवा की ऑनलाइन बुकिंग करते समय केवल अधिकृत और विश्वसनीय वेबसाइटों का उपयोग करें। किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com